हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 17 नवंबर 2025



# हाफ मैराथन में दिखा जोश, बच्चे-बुजुर्ग सहित महिलाओं ने लगाई दौड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



लोगों में स्वस्थ्य के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से राजनांदगांव रनर्स ग्रुप द्वारा हाफ मैराथन का आयोजन किया गया। जिसमें 5, 10 और 21 किलोमीटर की दौड़ में ढाई हजार से अधिक धावक शामिल हुए। इस हॉफ मैराथन के आयोजन में महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, आईजी अभिषेक शांडिल्य, कलेक्टर जितेन्द्र यादव, एसपी अंकिता शर्मा, नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा भी शामिल हुई।

आज सुबह 5 बजे से राजनांदगांव रनर्स ग्रुप द्वारा हॉफ मैराथन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में 10 वर्ष आयु से लेकर 82 वर्ष के बुजुर्ग भी शामिल हुए। इस दौड़ को लेकर सभी में खासा उत्साह भी नजर आया। हॉफ मैराथन के आयोजन को लेकर राजनांदगांव रनर्स ग्रुप के अध्यक्ष मुरली खंडेलवाल ने कहा कि वर्ष 2017 में लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से हॉफ मैराथन की शुरूआत की गई। इस वर्ष यह पांचवा आयोजन है।

## ढाई हजार से अधिक लोगों ने लिया हिस्सा

### विजेताओं को ट्रॉफी और नगद पुरस्कार

इस आयोजन में महिला और पुरूष वर्ग में नगद पुरस्कार दिए गए। जिसमें 21 किलोमीटर महिला-पुरूष के लिए 1-1 लाख, 10 किलोमीटर में 21-21 हजार और 5 किलोमीटर के लिए 11-11 हजार रुपए दिया गया। 21 किमी महिला में ज्योति ने 1 घंटे 21 मिनट, सरोज शर्मा ने 1 घंटे 21 मिनट और 21 सेकेन्ड, तेजस्विनी लम्बकणे ने 1 घंटे 29 मिनट 53 सेकेन्ड । वहीं पुरुष वर्ग में रोहित राम ने 1 घंटे 4 मिनट 38 सेकेन्ड, हरीश श्योराण ने 1 घंटे 4 मिनट 43 सेकेन्ड, अनुभव ने 1 घंटे 4 मिनट 53 सेकेन्ड में अपनी दौड़ पूरी की । 10 किमी महिला में मिताली भोयर प्रथम, रुक्मणि साहू द्वितीय और नीता सलामे तृतीय स्थान पर रही । वहीं पुरुष वर्ग में निखार भलावी प्रथम, आशुतोष कुमार बिंद द्वितीय और अजय तृतीय स्थान पर रहे । इसके अलावा 5 किमी महिला वर्ग में भगवती यादव प्रथम, निशा साहू द्वितीय, प्रियंका साहू तृतीय और पुरुष वर्ग में सैमल्ट टोंग प्रथम, मनीष कुमार द्वितीय और हर्ष निषाद तृतीय स्थान पर रहे ।

### आईजी-एसपी भी हुए शामिल

हाफ मैराथन के इस आयोजन में आईजी अभिषेक शांडिल्य 5 किलोमीटर दौड़ में शामिल हुए और दौड़ पूरी करते उन्होंने स्वास्थ जागरूकता का संदेश दिया। इस आयोजन को लेकर उन्होंने आयोजकों को शुभकामना देते कहा कि यह फिटनेस के लिए अच्छा संदेश है। वहीं एसपी अंकिता शर्मा ने इस आयोजन की सरहाना करते कहा कि लोग जितना ज्यादा हो सके, स्पोर्टस और रनिंग से जुड़े। यह क्राईम से दूर रखती है।

### झंडी दिखाकर किया रवाना

इस हॉफ मैराथन के आयोजन को महापौर, आईजी, कलेक्टर, एसपी, निगम आयुक्त ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मैराथन में छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश सहित आसपास राज्यों से लगभग ढाई हजार धावक शामिल हुए। आयोजन को लेकर विजेता धावकों ने यहां की व्यवस्था की सरहाना की। आयोजन के दौरान बुजुर्ग धावकों ने भी पूरे जोश के साथ अपनी दौड़ पूरी की। आयोजन में शामिल कई धावक ने पर्यावरण पर आधारित ड्रेस पहना था तो कुछ सफेद शेर के गेटप में पहुंचे, तो कुछ हाथ-पैर फ्रेक्चर के बाद भी दौड़ने का संदेश देते नजर आए।

## खबर संक्षेप

### अवैध धान परिवहन, 499 बोरी जब्त



**मोहला।** अवैध रूप से धान परिवहन किए जाने के मामले में पुलिस ने एक ट्रक को पकड़ा। जिससे 499 बोरी धान जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पीताम्बर पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऑप्स देवचरण पटेल तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी नोहर सिंह मंडावी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चिल्हाटी उप निरीक्षक संजय मेरावी के नेतृत्व में अवैध धान परिवहन करते ट्रक से 309.80 क्विंटल 499 बोरी धान को महाराष्ट्र के कुरखेड़ा से रायपुर ले जाते चिल्हाटी पुलिस एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा पकड़कर वैधानिक कार्रवाई कर जब्त किया गया है।

### जगराता आज

**राजनांदगांव।** सार्वजनिक दुर्गा मंदिर अम्बे धाम चौक चौखड़ियापारा 15 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रतिवर्ष के अनुसार सार्वजनिक दुर्गा मंदिर अम्बेधाम चौक चौखड़ियापारा में कल 17 नवंबर को रात 8 बजे से जगराता कार्यक्रम रखा गया है। 18 नवंबर को रात 7 बजे से विशाल भंडारा कार्यक्रम आयोजित किया गया है। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### माय एंगल




### नीर और नारी जल यात्रा का दिखने लगा असर

# जल संकट से निपटने गांवों में बैठकों का दौर, रबी में नहीं लेंगे धान फसल!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

जिले में तेजी से गिरते भूजल स्तर के बीच किसानों ने अब रबी सीजन में धान की फसल नहीं लेने का निर्णय लिया है। महिला समूहों द्वारा गांव-गांव में पिछले दो साल से निकाली जा रही नीर और नारी जल यात्रा अभियान का असर भी अब जमीनी स्तर पर दिखने लगा है।

यही कारण है कि डोंगरगांव, राजनांदगांव और डोंगरगढ़ विकासखंड के कई गांव में बैठकों का आयोजन कर ग्रामीणों ने यह ऐलान कर दिया है कि गांवों में जल संकट के हालात को दूर करने इस बार गर्मी में धान की बजाय दूसरे फसल लेंगे। उल्लेखनीय है कि जिले में तेजी से गिरता भूजल स्तर किसानों और प्रशासन के लिए एक गंभीर चुनौती बन गया है, लेकिन इस संकट को अवसर में बदलने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं। इसके लिए कृषि विभाग के मैदानी अधिकारी गांव-गांव में किसान संगोष्ठियों और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को कम पानी वाली फसलों की खेती के लिए प्रेरित कर रहे हैं। साथ ही पद्मश्री फुलबासन यादव के नेतृत्व में महिला समूह नीर और नारी जल यात्रा अभियान के जरिये ग्रामीण स्तर पर जल संरक्षण और फसल परिवर्तन का संदेश दे रहे हैं।




**जल संरक्षण के लिए पहल :** कृषि विभाग और निजी कंपनियों के साथ-साथ सामुदायिक स्तर पर भी जल संरक्षण के लिए प्रयास तेज हो गए हैं। महिला समूहों द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान ग्रामीण समुदाय को जल संरक्षण के प्रति संवेदनशील बना रहे हैं। ये अभियान न केवल किसानों को नई फसलों के बारे में जानकारी दे रहे हैं, बल्कि जल संरक्षण की तकनीकों जैसे वर्षा जल संचय और ड्रिप इरिगेशन को भी बढ़ावा दे रहे हैं।

### रबी में 88 हजार हेक्टेयर का लक्ष्य

अक्टूबर से शुरू हुए रबी सीजन में जिले के किसान परंपरागत रूप से चना, गेहूं, मक्का, उड़द, मूंग, तिवड़ा और मसूर की खेती करते रहे हैं। गर्मी के मौसम में धान की खेती भी लंबे समय से प्रचलित रही है, लेकिन बढ़ते जल संकट एवं पूर्व वर्षों ग्रीष्मकालीन धान में पानी की कमी के कारण फसल को हुए नुकसान के अनुभव को देखते हुए इसकी जगह कम पानी वाली फसलों को अपनाने की जरूरत को रेखांकित किया है। इस वर्ष कृषि विभाग राजनांदगांव ने 88 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में रबी फसलों की खेती का लक्ष्य रखा है। जिसमें से 9 हजार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में गर्मी में धान के बजाय मक्का की खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

### कंपनियां खरीदेगी उपज

इस दिशा में निजी क्षेत्र की कंपनियां गॉरमेड पॉप कॉर्निका, एबीस उद्योग और राजाराम मेज फैक्ट्री जैसी कंपनियां मक्का की खेती को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय रूप से किसानों के बीच काम कर रही है। ये कंपनियां किसानों की उपज को सीधे खरीदने की सुविधा प्रदान कर रही है। जिससे किसानों को न केवल बेहतर बाजार मूल्य मिलेगा, बल्कि उनकी उपज की बिक्री की चिंता भी खत्म होगी।

### समर्थन मूल्य में खरीदी

इस वर्ष सरकार ने प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत चना, मसूर और सरसों को समर्थन मूल्य पर खरीदने की योजना बनाई है। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। किसानों से अपील की है कि वे अधिक पानी और लागत वाली फसलों को छोड़कर दलहन, तिलहन और मक्का जैसी फसलों को अपनाएं।

\- टीकम सिंह ठाकुर
उप संचालक कृषि

### सेमी क्रिटिकल जोन में जिला

सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड के हालिया मूल्यांकन ने राजनांदगांव, डोंगरगांव और डोंगरगढ़ विकासखंडों को सेमी-क्रिटिकल जोन में शामिल किया है। यह एक चेतावनी है कि यदि समय रहते जल संरक्षण और भूजल पुनर्भरण के उपाय नहीं किए गए, तो जिला क्रिटिकल जोन में प्रवेश कर सकता है। जिसका असर न केवल खेती, बल्कि पेयजल और दैनिक जरूरतों पर भी पड़ेगा।

### प्रशासन की कार्रवाई से खलबली, कोचियों में खौफ

# गुरूकृपा अपार्टमेंट के फ्लैट में मिली लाखों रुपए की अवैध शराब



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

शहर के जीई रोड नीलगिरी पार्क के पास स्थित एक अपार्टमेंट के घर से बड़ी मात्रा में अवैध रूप से रखे अंग्रेजी शराब को बरामद करने में आबकारी विभाग को सफलता मिली है। देर शाम तक शराब की बोतलों की गिनती जारी रही।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देश पर आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। शहर के जीई रोड सर्विस लेन के समीप नीलगिरी पार्क के पास गुरूकृपा अपार्टमेंट के एक घर में बड़ी मात्रा में प्रदेश के बाहर की शराब एकत्र कर रखी गई थी, जिसे आबकारी विभाग की टीम ने बरामद किया है।

मिली जानकारी अनुसार अपार्टमेंट स्थित एक घर में बड़ी मात्रा में अवैध रूप से शराब रखने की सूचना आबकारी विभाग को मिलने पर स्टाफ ने मौके पर दबिश दी। बताया जा रहा है कि यहां बड़ी मात्रा में अंग्रेजी शराब की मंहगी बोतलों का जखीरा बरामद किया है। इस मामले में आरोपी जितेन्द्र साहू से पूछताछ भी की जा रही है। बड़ी मात्रा में अवैध रूप से शराब मिलने से आसपास के इलाके में सनसनी फैल गई है। फिलहाल आबकारी विभाग के स्टाफ मामले की जांच पड़ताल में भी जुटे हुए हैं।

बताया गया कि अधिकांश शराब महाराष्ट्र निर्मित है। पकड़ी गई शराब हाई रेंज की बताई जा रही है।

# एलईडी टीवी चोरी के आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

घर से एलईडी टीवी चोरी के मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल करते दो आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत 15 नवंबर को प्रार्थी राकेश कुमार यादव 48 वर्ष दीनदयाल नगर चिखली ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका बल्देवबाग स्थित इलेक्ट्रॉनिक सर्विस सेंटर से घटना 11-12 नवंबर के दरम्यान एक हुंडई कंपनी का 43 इंच एलईडी टीवी चालू हालत में कीमती 25,000 रुपए को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 331 (4), 305 (ए) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

इस मामले में पुलिस टीम घटनास्थल रवाना कर घटनास्थल एवं उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरा के फुटेज को खंगाला गया। फुटेज में मिले क्लू एवं मुखबीर की सूचना पर संदेही रत्नेश सिंह ठाकुर 25 वर्ष साकिन ब्राम्हणपारा व सागर यादव 28 वर्ष ठेठवारपारा सोनी भवन के पास को घेराबंदी कर हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया गया।




### टीवी व अन्य सामान बरामद

आरोपियों के कब्जे से चोरी गया हुंडई कंपनी का 43 इंच एक एलईडी टीवी, घटना में प्रयुक्त एक लोहे का राड़ व टीवीएस जूपीटर को जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल में दाखिल किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक नंदकिशोर गौतम, प्रधान आरक्षक जी. सिरील कुमार, आरक्षक श्रीनिवास राव, प्रदीप जायसवाल एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

# मास्टर प्लान की सड़क पर बगैर अनुमति अवैध प्लाटिंग, कॉलोनाईजर के खिलाफ कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

शहर के व्हीआईपी वार्ड 45 कलेक्टोरेट बंगले के पीछे मास्टर प्लान की सड़क पर अवैध प्लाटिंग किया जा रहा है। नगर निगम की मौन स्वीकृति के चलते यहां सीसी रोड़ भी बन गए हैं लेकिन अब तक निगम द्वारा जांच नही की गई है।

जानकारी अनुसार कौरिनभांठा हल्का में खसरा नंबर 241 में मास्टर प्लान में इस रोड़ को शामिल किया गया है। आगामी दिनों पाताल भैरवी मंदिर के पीछे से सौ फीट की सड़क आशा नगर तक बनाए जाने का प्लान है, लेकिन हैरानी इस बात की है कि नगर निगम की उदासीनता के कारण मास्टर प्लान धरा रह गया है और भू माफियाओं द्वारा मास्टर प्लान की सड़क के जद में आवासीय प्लाट काटी जा रही है,जिसे लेकर शिकायत भी हो गई है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी अपने जिम्मेदारी से टस के मस नहीं हो रहे हैं। कलेक्टोरेट बंगला के पीछे जीवन कालोनी जाने वाले पक्की सड़क से ही सौ फीट की सडक आगे भी बननी है। कलेक्टोरेट बंगले से लेकर यह रोड़ सीधे आशा नगर तक बननी है, लेकिन इस सड़क की जद में कब्जा किया जा रहा है। कुछ लोगों ने यहां खरीदी बिक्री भी शुरू कर दी है। आगामी दिनों सड़क बनने के दौरान किए जाने वाले भू अधिग्रहण में राज्य शासन को मोटी रकम खर्च करनी पड़ सकती है। यही कारण है कि, मास्टर प्लान की जगह पर भू माफिया सक्रिय हो गए हैं।



### निगम की जिम्मेदारी, राजस्व अनजान

इस मामले में एसडीएम खेमलाल वर्मा ने बताया कि राजस्व रिकार्ड में उक्त प्रस्तावित सड़क में जमीन मालिक का रिकार्ड दुरूस्त हैं। ऐसे में सवाल उठता है कि मास्टर प्लान में प्रस्तावित जगह पर नगर निगम द्वारा अवैध प्लाटिंग करने मौन स्वीकृति दी जा रही है। बहरहाल नगर निगम से शिकायत के बाद भी अब तक कार्रवाई नहीं की गई हैं। कार्रवाई नहीं होने से प्रस्तावित सड़क पर आवासीय मकान बनने से आगामी दिनों शासन को भू अर्जन में मोटी रकम खर्च करनी पड़ सकती है।

# अवैध रूप से शराब बिक्री, पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत अवैध रूप से शराब बिक्री करने एवं सार्वजनिक स्थान पर शराब सेवन करने के मामले में आरोपियों पर कार्रवाई की गई है। वहीं वाद-विवाद कर शांतिभंग करने के मामले में तीन लोगों पर कार्रवाई की गई।

पुलिस के अनुसार जिले में अवैध गांजा, शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुंडा बदमाश और सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 16 नवंबर को गठुला नाला शमशान घाट के पास अवैध शराब बिक्री की सूचना पर रेड कार्रवाई कर आरोपी नूतन निर्मलकर 24 साल साकिन गौरीनगर के कब्जे से 17 पौवा अंग्रेजी शराब कीमती 2040 रुपए एवं बिक्री रकम 200 रुपए को जब्त किया गया। इसी तरह सार्वजनिक स्थान पार्षद गली वार्ड नं. 3 मोतीपुर में शराब पीने वाले आरोपी विष्णु महिलांग 21 साल मोतीपुर के खिलाफ कार्रवाई की गई।






### झगडा-विवाद, 3 पर कार्रवाई

चौकी चिखली में आम जनता की शिकायतों के आधार पर अलग-अलग टीम गठित कर बदमाशों पर अंकुश लगाने हेतु पेट्रोलिंग कार्रवाई किया जा रहा है। जिसके तहत 16 नवंबर को झगड़ा-विवाद कर अशांति फैला रहे गुमान उर्फ गोलू निषाद 28 साल शांतिनगर, विष्णु महिलांग 21 साल व ईश्वरी महिलांग 32 साल दोनों मोतीपुर के विरूद्ध पृथक-पृथक धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411

आवश्यकता है
ज़िंदगी का बेस्ट डिसिज़न!™
जैन मोटर्स अधिकृत विक्रेता जॉन डियर इंडिया प्राईवेट लिमिटेड को निम्न पद हेतु अनुभवी व्यक्तियों की आवश्यकता है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेल्स मैनेजर | | 2. डोंगरगांव | 2 पद |
| 1. अंबागढ़ चौकी | 1 पद | 3. छुरिया | 2 पद |
| 2. चिचोला | 1 पद | 4. अंबागढ़ चौकी | 4 पद |
| सेल्समेन | | मैकेनिक- | |
| 1. गंडई | 3 पद | 1. गंडई | 1 पद |

संपर्क स्थल : जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच - रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर के बगल में, राजनांदगांव.
9977184777, 8120006476, 9827953976

## खबर संक्षेप

### सरकारी जमीन पर कब्जा और निर्माण

**डोंगरगढ़।** श्री यंत्र के आसपास बडे पैमाने में नजूल की भूमि पर अवैध कब्जा हो रहा है। 2007 से 2010 के बीच तत्कालीन कलेक्टर द्वारा ग्रीन लैंड घोषित करने के बाद बिना अनुमति के निर्माण किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार कुछ जमीन दलाल प्लाटिंग कर जमीन बेचने की तैयारी में है। कुछ लोगो ने नीजि भूमि के आसपास की सरकारी जगहों पर कब्जा कर प्लाटिंग कर बेचने की तैयारी कर ली है। इसी प्रकार प्रज्ञागिरि पहाडी के पीछे कुछ लोगों ने शासकीय भूमि पर कब्जा कर लिया है। जबकि श्रीयंत्र के आसपास की खाली जमीन पर कब्जा करना शुरू हो गया है। राजस्व विभाग व नगर पालिका की अनदेखी के कारण शासकीय भूमि पर कब्जा करने के साथ निर्माण भी किया जा रहा है।

### धार्मिक आयोजन का समापन आज



**डोंगरगढ़।** सिवनी के श्री कृष्ण लाडले सरकार का स्व चमन सोनी के पुत्र सौमित्र सोनी के घर आगमन हुआ। इस मौके पर आयोजित 3 दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम में जन सैलाब उमड़ा। इस दौरान धार्मिक अनुष्ठान, भजन पूजन और महाप्रसादी भंडारा का आयोजन हुआ। गत 13 से 15 नवंबर तक हुए आयोजन के तहत श्री कृष्ण को छप्पन भोग प्रसाद के साथ बिदाई दी गई जिसके साथ आयोजन का समापन हुआ। कार्यक्रम के पहले दिन 3 नवंबर को सुबह दुग्धाभिषेक एवं पूजन के साथ ही द्वारकाधीश के दर्शन, 14 नवंबर को पुजा एवं दर्शन एवं शाम को कान्हा जी की शोभा यात्रा बम्लेश्वरी प्रांगण तक निकाली गई। शोभायात्रा में विभिन्न समुदाय के लोग शामिल हुए और सभी ने माता बम्लेश्वरी दर्शन किया। अंतिम दिन एक से 3 बजे तक छप्पन भोग महाप्रसादी का आयोजन हुआ। शाम को रामायण पाठ किया गया। सौमित्र सोनी ने बताया कि कल 16 को सुबह 9 बजे द्वारकाधीश के अंतिम दर्शन, आरती के साथ बिदाई की जाएगी।

### साइबर क्राइम पर जागरूकता कार्यक्रम

**तुमड़ीबोड़।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में साइबर अपराध पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। थाना तुमडीबोड़ के दिलीप पटेल, लोकनाथ वर्मा, लोकेश साहू आदि ने साइबर अपराध पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर दिलीप पटेल ने बताया कि किसी भी अनजान नंबर पर ओटीपी शेयर ना करें और न कोई भी गोपनीय जानकारी बताए। लोकनाथ वर्मा ने साइबर अपराध के साथ यातायात सुरक्षा पर बच्चों को जागरूक किया। नशामुक्ति की जानकारी दी। विद्यालय के थंगेश्वर कुमार साहू ने साइबर अपराध के बारे में छात्र-छात्राओं को जागरूक किया। कार्यक्रम में अशीम यदु, थंगेश्वर साहू, अनुराधा ढोक, रेखा मुरकुटे, सरोज भुआर्य, जानकी वल्लभ तंबोली, राजेश नेताम, नोहर दास लिल्हारे, पालकराम वर्मा, जितेंद्र कश्यप, हरिचंद यादव, रिचा चंद्राकर, हेमीन आदि उपस्थित थे।

## निधन

### गंगू सोनी

**खड़गांव।** ग्राम के गंगू सोनी आ जगन सोनी का 16 नवंबर को लगभग 50 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वह नियमित मार्निंग वॉक करते थे। रविवार को भी मार्निंग वॉक पर गए थे। रास्ते में ही हृदय गति रूकने से निधन हो गया।



### राजकुमारी गुप्ता

**खड़गांव।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता राजकुमारी गुप्ता का निधन हो गया। वह कुछ दिनों से अस्वस्थ्य थी। उनका इलाज रामकृष्ण केयर हास्पिटल रायपुर में चल रहा था। रविवार को सुबह उनका निधन हो गया। वह लगभग 56 वर्ष की थी। निधन की खबर से गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

### गरीब उपभोक्ता हो रहे परेशान, कलेक्टर से शिकायत

# हड़ताल की आड़ में राशन नहीं बांटने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जेवरतला रोड़

## गरीब उपभोक्ताओं की बढ़ी परेशानी

डौंडीलोहारा ब्लॉक के ग्राम खामतराई के सेल्समेन द्वारा माह के 15 दिन बीत जाने के बाद भी राशन का वितरण नहीं किया गया है। हड़ताल होने की बात कहकर ग्रामीणों को राशन से वंचित रखा जा रहा है जबकि अन्य दुकानों में पूर्ववत राशन वितरण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने इस आशय की शिकायत कलेक्टर से कर जांच और कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों ने अपनी शिकायत में बताया कि सेल्समेन मूलचंद साहू द्वारा कहा जाता है कि हम जो राशन दुकान चला रहे हैं वह सेवा सरकारी समिति के तहत पंजीकृत है। सेवा सहकारी समिति के कर्मचारी होने के नाते हड़ताल पर है इसलिए राशन दुकान नहीं खोला जा सकता। वर्तमान में राशन कार्ड धारकों को मुख्यमंत्री खाद्यान्न योजना के तहत मिलने वाले राशन से वंचित होना पड़ रहा है।




### वैकल्पिक प्रबंध नहीं

हड़ताल को देखते हुए राशन वितरण के लिए कोई वैकल्पिक इंतजाम नहीं किया गया है। दुकान में राशन का भंडारण हो चुका है किन्तु वितरण नहीं किया जा रहा है। इस मामले को लेकर गांव के युवक चिम्मनलाल साहू ने कलेक्टर से शिकायत किया है। उन्होंने शिकायत में बताया कि सेल्समेन द्वारा 15 दिनों से राशन दुकान खोला नहीं गया है। हड़ताल की बात कहकर ग्रामीणों को राशन नहीं दिया जा रहा है।

### गरीबों की बढ़ी परेशानी

जानकारी के अनुसार दुकान में लगभग 557 कार्डधारी है जिसमें से कई परिवार ऐसे है जिनके पास जमीन नहीं है। कुछ परिवार रोजी मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं। यह लोग राशन दुकान से मिलने चावल पर निर्भर है। इन लोगों को भी चावल नहीं मिला है जबकि आसपास की राशन दुकान में 5 नवंबर से राशन दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सेल्समेन द्वारा पहले भी राशन वितरण में विलंब किया जाता रहा है। सभी दुकानों में 5 तारीख से ही राशन वितरण शुरू हो जाता है लेकिन उनके गांव में 9- 10 तारीख के बाद ही राशन मिलना शुरू होता है। सप्ताह में एक-दो दिन ही राशन दिया जाता है। शिकायतकर्ता ने बताया कि राशन नहीं मिलने से गरीब तबके लोग मजबूरी में बाजार से 35 से 40 रुपए किलो का चावल खरीद रहे हैं।

# समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू, कर्मचारियों के आभाव में बनी चुनौती

**सड़क अतरिया।** सरकार द्वारा किसान का धान समर्थन मूल्य पर औपचारिक खरीदी शनिवार से शुरू हो गया है। धान खरीदी के पहले दिन उपार्जन केन्द्रों में पहले जैसी रौनकता नहीं रही। कुछ केन्द्रों में जनप्रतिनिधियों ने धान खरीदी का शुभारंभ किया, परन्तु केन्द्रों में कही जिम्मेदार अधिकारी तो कही कम्प्यूटर आपरेटर नदारत रहे। जिसके चलते पहले दिन की धान खरीदी अटकी रही। कुछ केन्द्रों में धान खरीदी के पहले दिन टोकन प्राप्त किसानों को वापस लौटना पड़ा, तो कही बिक्री के बाद भी आनलाईन नहीं चढ़ पाया। धान खरीदी केन्द्र संड़ी में कम्प्यूटर आपरेटर एवं अधिकारी के आभाव में पहले दिन के लिए टोकन ले चुके कृषक अपना धान नहीं बेच पाये। वही कुकुरमुड़ा अतरिया में बिके हुए धान का आनलाईन कार्य अटका रहा। धान खरीदी का पहला दिन शनिवार होने के कारण सीमित किसानों ने इस दिन का टोकन लिया था। सोमवार से उपार्जन केन्द्रों में टोकन ले चुके किसान अपना धान बेचने केन्द्र पहुंचेंगे। अगर शनिवार की तरह केन्द्रों में समस्या रही तो किसानों के लिऐ एक बड़ी समस्या उपज सकती है।



### बारदाना का पर्याप्त स्टाक पहुंचा

क्षेत्र के सभी धान उपार्जन केन्द्रों में बारदाना का पर्याप्त स्टाक पहुच गया है। पुराने बारदाना की भी व्यवस्था की गई है। पिछले बार की तरह इस बार भी किसानों का धान नया एवं पुराना दोनों बारदाना से धान खरीदी होगी। केन्द्रों में साफ सफाई तो कर लिया गया है, परन्तु डैमेज, धान खरीदी की कीमत सूची, लाईटिंग, कैमरा, पेयजल आदि की व्यवस्था दूरूस्त नहीं हो पाई है।

### टोकन ले चुके कृषक चिंतित

सहकारी समिति के कर्मचारी एवं कम्प्यूटर आपरेटर की हड़ताल के चलते प्रशासन ने सभी धान उपार्जन केन्द्रों में जिम्मेदार अधिकारी एवं वैकल्पिक कम्प्यूटर आपरेटर की व्यवस्था किया है। शनिवार को किसी केन्द्र में अधिकारी तो कही आपरेटर तो किसी केन्द्र में दोनों नदारत रहे। किसी ने अपने विभागीय जिम्मेदारी का कार्य अधिक होने का हवाला दिया। जिससे शनिवार को धान खरीदी कई केन्द्रों में नहीं हो सका। ऐसे में सोमवार की धान खरीदी एक बड़ी चुनौती बनने की आशंका है। इधर सोमवार को धान बेचने के लिऐ टोकन ले चुके कृषक इस बात को लेकर चिंतित हैं कि उनका धान बिक पायेगा की नहीं।

### समिति कर्मचारियों का सामुहिक इस्तीफा

सहकारी समिति के कर्मचारी एवं कम्प्यूटर आपरेटर अपनी मांग को लेकर लगभग पखवाड़े भर से आंदोलन पर डटे हुए हैं। धान खरीदी शुरू होने के बाद भी सरकार इनकी समस्या पर अब तक सकरात्मक पहल करते नजर नहीं आ रही है। ऐसे में कर्मचारी कल सोमवार को अपना सामुहिक इस्तीफा देकर प्रदर्शन करेंगे। हड़ताल का प्रभाव एक ओर धान उपार्जन केन्द्रों में देखने को मिल रहा है। वही दूसरी ओर रबी फसल के लिए किसानों को खाद बीज के लिए भटकना पड़ रहा है। समिति कार्यालय में ताला लगे होने से किसानों को अगली फसल के लिए खाद बीज नहीं मिल पा रहा है। कृषक रोज कार्यालय का चक्कर काट रहे है।

# भक्ति सिखाती है जीने की कला

### मुनि संघ का 12 वर्ष बाद मंगल प्रवेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

श्री दिगंबर जैन तीर्थ चंद्रगिरि में समाधिस्थ आचार्य विद्यासागर जी महाराज से दीक्षित एवं वर्तमान आचार्य समय सागर महाराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य मुनि श्री धर्म सागर महाराज एवं मुनि श्री भाव सागर महाराज का 12 वर्ष बाद मंगल प्रवेश हुआ। आर्यिका आदर्श मति माताजी ससंघ एवं प्रतिभास्थली की छात्राओं ने बैंड बाजा एवं हाथों में ध्वजा थामकर जयघोष करते आगवानी की। जगह-जगह पाद प्रक्षालन किया गया। लोगों ने आरती भी उतारा।

मंगल प्रवेश के बाद मुनि भावसागर महाराज ने कहा कि भक्ति से जीवन सफल हो जाता है।पूजा भक्ति अमृत रस है जिससे मन, आत्मा, हृदय शुद्ध होते हैं। भक्ति से ही मोक्ष के द्वार को खोला जा सकता है। भक्ति पापी मन को भी पवित्र करती है। पूरी तल्लीनता से भक्ति करने से अतिशय होते हैं।

भक्ति से आनंद, उत्साह और सफलता की प्राप्ति होती है। सभी को ऐसी भावना रखना चाहिए कि हे प्रभु मेरे पैरों में इतनी शक्ति देना कि आपके दरवाजे तक आ सकूं।तीर्थ क्षेत्र की वंदना कर सकू, मुझे ऐसी सद्बुद्धि देना कि सुबह शाम घुटने के बल बैठकर आपको नमस्कार सकूं।

जब तक जिंदा रहू जुंबा पर आपका नाम रहे। उन्होंने कहा कि भक्ति मुक्ति महल की चाबी है। भक्ति ही जीने की कला सिखाती है।

# खड़गांव में खुली शराब दुकान, लोगों में नाराजगी

**खड़गांव।** पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरु की जयंती के दिन ग्राम में सरकारी शराब दुकान का उद्घाटन किया गया, जिसे लेकर लोगों में नाराजगी देखने मिल रही है। लोगों का कहना है कि दुकान के खुलने से शराबखोरी बढ़ेगी साथ ही वनांचल के लोगों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। गांव का वातावरण भी खराब होगा।

ग्राम के मनीष, लीला सूर्यवंशी ने कहा कि सरकार द्वारा दुकान खोलकर शराबखोरी को बढ़ावा दिया जा रहा है जो गलत है। शराब दुकान के खुलने से गांव का वातावरण मदिरामय होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता जिसे लेकर लोगों में नाराज़गी से स्पष्ट दिखाई दे रही है। लोगों का कहना है कि नेहरु के जन्मदिन पर शराब दुकान खोलकर आमजनों को ठेस पहुंचाया गया है। वहीं दूसरी ओर कुछ बुद्धिजीवियों से जब चर्चा की गई तो वह शराब दुकान को लेकर मौन है। बहरहाल सरकारी शराब दुकान खुल गई जिसका परिणाम देखने आगामी दिनों देखने मिलेगा।

वहीं दूसरी ओर शराब पीने वाले लोगों का कहना है कि अब उन्हे शराब लेने के लिए दल्लीराजहरा, मानपुर या मोहला जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अब गांव की सरकारी दुकान से बिना मशक्कत किए शराब मिल जाएगी। महिलाओं ने कहा गांव में सरकारी शराब दुकान खुलने से नशापान करने वालों की संख्या बढ़ जायेगी। नवजवानों में भी नशेपान की लत लगने की संभावना बढ़ जाएगी। गांव का साफ सुथरा माहौल भी खराब होगा। कोचियों द्वारा आसपास के गांवों में शराब बेचने से पूरे क्षेत्र का माहौल खराब होने की संभावना है। वरिष्ठ जनों का कहना है कि शराब दुकान खोलने के बजाए वनांचल में नशामुक्ति की पहल सरकार को करना चाहिए था।

# रश्मि देवी सिंह कॉलेज रासेयो का नशा मुक्त भारत पर सात दिनी शिविर




हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लॉक के बैगा टोला मे आयोजित रानी रश्मि देवी सिंह कालेज के सात दिवसीय रासेयो शिविर के बौद्धिक सत्र मे नशा मुक्त भारत को लेकर विद्वानों ने विचार साझा किया। प्रो प्रदीप अमीला गंडई ने सात दिवसीय शिविर आयोजन के समय सारणी अनुसार नशा मुक्त भारत थीम पर कार्य करते हुए स्वच्छता पर बल दिया। पूर्व रासेयो अधिकारी जेके वैष्णव ने स्वामी विवेकानंद के आदर्शों को रेखांकित करते हुए रासेयो को सर्वांगीण व्यक्तित्व विकास के लिए सरल सुलभ प्लेटफार्म बताया। शिविर के माध्यम से नशा मुक्त भारत थीम पर कार्य कर ग्रामीणों में जनजागृति लाने, नशे के दुष्प्रभावों को जन जन तक पहुंचाने को आवश्यक बताया। सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर देश की एकता अखंडता अक्षुण्ण बनाए रखने कहा। शिक्षक तुलेश्वर सेन ने पोस्टर, गीत संगीत, स्लोगन के माध्यम से नशा मुक्त भारत पर अपना विस्तृत विचार रखा। शिविर स्थल से छात्र छात्राओं ने गांव में रैली निकाल कर नशा मुक्त भारत थीम और सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर एकता रैली में शामिल होकर स्लोगन, नारे लगाते गाँव का भ्रमण किया। कार्यक्रम संचालक छात्र टिकेन्द्र वर्मा को राज्य स्तरीय स्वयंसेवक पुरस्कार प्राप्त करने पर जेके वैष्णव सहित अतिथियों ने बधाई दी। प्रो सृष्टि वर्मा ने शिविर स्थल के पास नदी में पत्थर डाल कर अस्थाई पुल निर्माण कार्य को लेकर शिविरार्थियो की सराहना की। आभार प्रदर्शन डॉ उमेद चंदेल ने किया। इस दौरान प्रो सतीश माहला, हीरेंद्र ठाकुर, विनय चौहान, सरपंच माया कुंभलाल सिन्हा, शिक्षक शिव राठौर, बसंत चन्द्रवंशी, लीना वर्मा, गौरी यदु, नीतेश साहू, देवेन्द्र पटेल सहित सभी छात्र-छात्राएं व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## स्कूलों में बाल दिवस पर विविध आयोजन, बच्चों और शिक्षकों ने पं. नेहरू के योगदानों को किया याद

# आनंद मेला में व्यंजनों की महक, सांस्कृतिक आयोजन में झूमे बच्चे









हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

भारतीय पब्लिक स्कूल में प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की याद में शनिवार को बाल मेला का आयोजन किया गया। शुरूआत में छत्तीसगढ़ महतारी, पं. नेहरू की पूजन प्राचार्य सुनील पांडे, राजेन्द्र कुंवर, बिरेन्द्र राजपूत, पीएल बया, दामिनी यदु, शैलजा पाण्डेय, संतोष सागर शर्मा, सुनीत राजपूत, लक्ष्मीनारायण गुप्ता, उमाराजे राजपूत, संतोष वैष्णव, बीरेन्द्र बोरकर, पवन ठाकुर ने किया। खुशबू आदि ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, भानुप्रिया, लवली आदि ने छत्तसीगढ़ी रिमिक्स पर नृत्य प्रस्तुत किया। इस दौरान कक्षा 3री से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने गुपचुप, भेल, समोसा, इडली, पास्ता, पेस्ट्री, कटलेट, ब्रेड पकोड़ा, चाईनीज पकोड़ा, जूस, मैगी, ढोकला, मिर्ची भजिया, आलूगुंडा एवं पान के स्टाल लगाए थे। इस दौरान बाजा के साथ मड़ई बैरग निकाला गया। झूले का बच्चों ने खूब मजा लिया। कार्यक्रम में पालकों ने बच्चों द्वारा तैयार डीजे डांस में जमकर थिरके। भूत बंगला को लोगों ने देखा। इस दौरान देवेन्द्र साहू, लूनकरण यादव, रेणुका साहू, अनुराधा सोनटेके, जमुना साहू, कोमल सेन, गुरूविंदर, कांता सेन, गौरव देवांगन, संजू उके, रश्मि देवांगन, योगिता, लोकेश्वरी यदु, लक्ष्मी राजपूत, दुबीलता ठाकुर, वीणा, लता निषाद, उषा साहू आदि मौजूद थे।

### छत्तीसगढ़ी व्यंजनों की महक

स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शिक्षण कौशल के लिए आनंद मेला का आयोजन किया गया। मेला का शुभारंभ धन्य कुमार जैन एवं समाजसेवी अरुण जैन ने मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर किया। अतिथियों ने मां सरस्वती को 11 प्रकार के छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का भोग प्रसादी अर्पण किया। तत्पश्चात अतिथियों ने छात्र-छात्राओं द्वारा लगाए गए खाद्य सामग्री के स्टालों का अवलोकन किया। श्री जैन ने बाल दिवस की बधाई देते हुए कहा कि शिशु मंदिर में शिक्षा के साथ विभिन्न आयोजनों के माध्यम से छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास किया जाता है। आनंद मेला का आयोजन भी छात्रों में व्यापारिक सोच की वृद्धि करती है। आनंद मेला में कक्षा तृतीय से द्वादश तक के भैया- बहनों ने भाग लिया।

### भूत बंगला रहा आकर्षण का केन्द्र

**जेवरतला रोड।** प्राथमिक, माध्यमिक एवं हाईस्कूल टटेंगा में बाल दिवस के मौके पर आनंद मेला का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं पं. जवाहरलाल नेहरू की पूजा अर्चना अतिथियों ने किया। बाल मेला में बच्चों ने व्यंजनों के स्टॉल लगाए। सांस्कृतिक, खेल का आयोजन किया गया। मेला में भूत बंगला आकर्षण का केन्द्र रहा। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति रामलाल नायक, विशेष अतिथि जनपद सभापति टुमन साहू, चंद्रशेखर उर्वशा, राजकुमार देवांगन, हेमलाल साहू, लिखन सर्पा, दीप्ति साहू, रामदिन देवांगन थे। अंत में शाला परिवार ने अतिथियों को मोमेंटो, साल, श्रीफल से सम्मानित किया। इस दौरान गैंदलाल देवांगन ने न्योता भोज का आयोजन किया। इस मौके पर पेमीन साहू, पुष्पा सुधाकर, गंगोत्री सुधाकर, ईश्वरी सुधाकर, सुषमा कौशिक, त्रिवेणी गांवरे, लिलेश्वरी देवांगन, देवेश्वरी देवांगन, नेहा साहू, गायत्री देवांगन, ख़ोमीन साहू, लिलेश्वरी भंडारी, पुरुषोत्तम उर्वशा, पुरुषोत्तम वासनिक, देवकुमार मोहनमाला, संजय साहू, लिलेंद्र देवांगन, चंद्रभान देवांगन, डीगे यादव, जितेंद्र साहू ,कुंदन यादव आदि मौजूद थे।

नगर के चिल्ड्रन गार्डन प्ले स्कूल के बच्चो के लिए बम्लेश्वरी उद्यान में संस्था प्रमुख अनिल रूपलानी ने खेल एवं मनोरंजक कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बच्चो के माता- पिता एवं दादा- दादी शामिल हुए। सभी ने बच्चो के साथ अपने बचपन को याद करते हुए प्रार्थना, व्यायाम और कुर्सी दौड़, बूझो तो जाने, अंताक्षरी में हिस्सा लिया। कार्यक्रम का संचालन यशस्वी उके, प्रीति कुलदीप, करिश्मा साहू, कंचन त्रिपुरे, ज्योति कोर्रम, सिमरन साहू ने किया।






**तुमड़ीबोड़।** प्राथमिक शाला विचारपुर नवागांव में बाल दिवस के अवसर पर एफएलएन मेला का आयोजन किया गया। बच्चों ने अंक ज्ञान, घटाना, जोड़ना, गुणा, जादुई पोटली, बाल फेकों, ध्वनि जागरूकता, पैसो की दुनिया, मापन, मेरी घड़ी तुम्हारा समय आदि स्टाल लगाए थे। मेले की शुरुवात सरपंच मिट्ठूराम साहू ने किया। शाला विकास समिति के अध्यक्ष रुखमचंद चन्द्रवंशी ने मेला आ अवलोकन कर बच्चों के प्रयास की तारीफ किया। इस दौरान संकुल प्राचार्य, टीआई तुमड़ीबोड़, प्रदीप ध्रुव, दानीराम चन्द्रवंशी, लालाराम चन्द्रवंशी आदि उपस्थित थे। मेला का संयोजन शिक्षक ओगेश्वर साहू ने किया।

**चिचोला।** प्राथमिक शाला बजरंगपुर में बाल दिवस के मौके पर एफएलएन मेला का आयोजन किया गया। मेला में विभिन्न अवधारणाओं के 9 स्टॉल लगाए गए जिसमें हिंदी, गणित व अंग्रेजी से संबंधित गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में बीआरसी समन्वयक बीके साहू, संकुल समन्वयक मूलचंद बघेल, विकास गुप्ता, संजय साहू शामिल हुए। शाला प्रांगण को प्रधानपाठक हेमलाल सहारे और कांति साहू के मार्गदर्शन में सजाया गया था। यहां प्रवेश मार्ग, पंजीयन, सेल्फी जोन, धन्यवाद कार्नर तथा निगमन मार्ग बनाया गया।

बच्चों ने सभी स्टालों में जाकर अवधारणाओं की जानकारी लिया। इस दौरान हुमनसिंह पिस्दा, गजेंद्र चौधरी, रामनारायण साहू, हेमसिंह चन्द्रवंशी, रामदास मानिकपुरी, अमरसिंह मंडावी, कृपाराम चन्द्रवंशी, जनक ठाकुर, रूपलाल कुंजाम, सुधुलाल यादव, यादुराम चंद्रवंशी, जीवन कुंजाम, भागचंद नांदेश्वर, सरिता चंद्रवंशी, परमिला, संध्या उइके, अजय यादव, अमरिका चन्द्रवंशी, फुलिया यादव, मंथिर यादव, अमृता लाऊत्रे, कमला साहू शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### शिवशंकर को नेपाल में मिलेगा अवार्ड



**राजनांदगांव।** अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच एवं इंडो-नेपाल समरसता ऑर्गनाइजेशन के संयुक्त तत्वाधान में नेपाल की राजधानी काठमांडू में 28 एवं 29 दिसंबर को भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर भव्य वैश्विक शांति समरसता सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में राजनांदगांव जिले के सुप्रसिद्ध आयुर्वेदाचार्य एवं समाजसेवी डॉ. शिवशंकर जोशी को "एशिया कॉन्टिनेंट अवार्ड" से सम्मानित किया जाएगा। यह सम्मान उन्हें आयुर्वेद चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान तथा सामाजिक सेवाओं के प्रति समर्पण के लिए प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम की जानकारी देते मंच के मुख्य सलाहकार डॉ. कुलदीप शर्मा ने बताया कि डॉ. जोशी को यह सम्मान नेपाल राष्ट्र में आयोजित वैश्विक शांति सम्मेलन में उनकी विशिष्ट उपलब्धियों और जनसेवा के प्रति समर्पण को देखते प्रदान किया जा रहा है। सम्मान समारोह नेपाल में स्थित रशियन कल्चर सेंटर में संपन्न होगा।

### नेताओं ने किया पोस्टर विमोचन




**राजनांदगांव।** कांग्रेस पार्टी द्वारा देशभर में नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम आयोजित कर रही है। टैलेंट हंट कार्यक्रम द्वारा प्रतिभाओं का चयन पार्टी जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रवक्ता बनने का अवसर दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने 7 नवंबर को टेलेंट हंट कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की थी। उसी कड़ी में मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में विधायक इंद्रशाह मंडावी, जिलाध्यक्ष सुरजीत सिंह ठाकुर, प्रभारी अभिमन्यु उदय मिश्रा सहित नेताओं द्वारा पोस्टर विमोचन किया गया।

### अतिथि व्याख्यान माला आयोजित

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासीकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के भूगोल विभाग द्वारा 14 नवंबर को अतिथि व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञ के रूप में डॉ. सुषमा यादव एवं डॉ. अनिल मिश्रा उपस्थित हुए। संस्था प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता का भूगोल विभाग को विशेष मार्गदर्शन मिलते रहा है और उनके मार्गदर्शन में यह व्याख्यान किया गया। तृतीय सेमेस्टर छात्र-छात्राओं को डॉ. सुषमा यादव ने शोध प्रविधियों के प्रमुख चरणों पर विस्तृत चर्चा की। अनुसंधान के स्वरूप, प्रकार, सामग्री, संकलन, शोध प्रबंध लेखन, प्रतिवेदन तैयार करना आदि विषयों पर चर्चा की। छात्र-छात्राओं ने शांत ढंग से जिज्ञासा को शांत किया। प्रथम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को डॉ. अनिल मिश्रा ने भूगोल में मात्रात्मक क्रांति पर विषय से संबंधित सारगर्भित चर्चा की। उन्होंने बताया कि निश्चयवाद, संभववाद, नवनिश्चयवाद और द्वैतवाद पर प्रकाश डाले। कार्यक्रम में नरेन्द्र कुमार साकरे एवं डॉ. एस. जनामनि ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कुबेर सिंह गुरूपंच एवं आभार प्रदर्शन डॉ. श्रद्वादेवी साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पराग सोनवाने, किशोर बंजारे एवं छात्र-छात्राएं उपस्थि थे। अंत में व्याख्यान माला के सफलता के लिए प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता द्वारा बधाई दी गई।

### सरलतापूर्वक हो धान खरीदी : कामदेव जंघेल



**सड़क अतरिया।** प्रदेश किसान कांग्रेस के महासचिव कामदेव जंघेल ने सरकार से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को लेकर उपजी समस्या को त्वरित हल कर सरलता पूर्वक किसानों का धान खरीदने की अपील किया है। उन्होंने कहा कि सहकारी समिति के कर्मचारी एवं कम्प्यूटर आपरेटर की मांग जायज है। उनकी इस मांग को पूरा कर सुचारू रूप से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करना चाहिए। इनके हड़ताल पर रहने से धान खरीदी के पहले दिन ही कृषक बिना धान बेचे केन्द्र से वापस लौट गये। सोमवार से केन्द्रों में बड़ी संख्या में किसान अपना धान बेचने पहुंचेंगे। मौजूदा व्यवस्था में किसान को अपना धान बेचने में काफी परेशानी होगी। टोकन प्रणाली को सरल एवं एप्स सर्वर को भी गति देने की आवश्यकता है। टोकन पाने किसानों को काफी दिक्कत हो रही है। सर्वर कमजोर होने से किसान अपना टोकन ही नही निकाल पा रहा है। वनांचल क्षेत्र में यह समस्या और भी गंभीर है। सरकार ने अपने वादे में कहा था कि बिना किसी परेशानी के एक एक दाना धान किसानों से खरीदेगी। पर विभाग द्वारा बिना किसी वजह के किसानों का मौजूदा धान रकबा को कम दिखा कर परेशान किया जा रहा है।

### विद्यार्थियों ने किया मुक्तिबोध संग्रहालय का भ्रमण



**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय राजनांदगांव के हिंदी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शंकर मुनि राय के निर्देशन एवं प्राध्यापक डॉ. प्रवीण कुमार साहू के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने त्रिवेणी परिसर स्थित मुक्तिबोध संग्रहालय का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान डॉ. प्रवीण कुमार साहू ने विद्यार्थियों को बताया कि मुक्तिबोध संग्रहालय छत्तीसगढ़ का एकमात्र साहित्यिक तीर्थ है। यहां देशभर से विद्यार्थी, शोधार्थी एवं साहित्यकार भ्रमण के लिए आते हैं। संस्कारधानी राजनांदगांव के दिग्विजय कॉलेज में विश्व विख्यात साहित्यकार गजानन माधव मुक्तिबोध एवं डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी ने प्राध्यापक के रूप में अध्यापन कार्य किया था। डॉ. बल्देव प्रसाद मिश्र इस नगर में जन्मे साहित्यकार एवं राजनीतिज्ञ थे, जो साकेत संत के रूप में प्रख्यात है। इन तीनों महान विभूतियों की स्मृतियों, कृतियों एवं अमूल्य वस्तुओं को मुक्तिबोध संग्रहालय में संग्रहित कर संरक्षित रखा गया है। जिला प्रशासन द्वारा सन 2005 में इस संग्रहालय की स्थापना की गई। विद्यार्थियों में चेतना सिन्हा, जानवी, दामिनी, करीना, बरखा, जयकुमारी, भोजराम, वंदना, प्रमोद आदि शामिल थे।

### पुराने विवाद पर मारपीट, आरोपियों पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** पुरानी बात को लेकर वाद-विवाद एवं मारपीट करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 15 नवंबर को वह अपने दोस्तों के साथ दीनदयाल कॉलोनी शिवम मार्ट के सामने खड़ा था, तभी रात्रि करीबन साढे 9 बजे हर्ष मसीह, देव ठाकुर और भविष्य मसीह पुरानी बात को लेकर इसे मां-बहन की अश्लील गाली-गलौज कर जान से खतम करने की धमकी दी। हाथ मुक्का तथा चाकूनुमा जैसे नुकीली धारदार वस्तु से चोंट पहुंचाकर जान से मारने की धमकी देते इसके मोटर साइकिल पल्सर को क्षतिग्रस्त कर दिया। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में धारा 296, 115(2), 118(1), 351(2), 324(4), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के मार्गदर्शन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन व पुष्पेंद्र नायक के दिशा-निर्देश पर निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते आरोपियों के ठिकानों का पतासाजी कर आरोपी हर्ष मसीह, देव ठाकुर व भविष्य को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जो जुर्म करना स्वीकार किया गया। आरोपी शेरोन मसीह उर्फ हर्ष मसीह के पेश करने पर घटना में प्रयुक्त अलाजरब को जब्त कर आरोपी एवं विधि के विरूद्व बालको विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। आरोपियों का न्यायालय से जेल वारंट प्राप्त होने के पश्चात जेल दाखिल किया गया।

---

कलेक्टर ने मातृ मृत्यु दर में कमी लाने की चर्चा, कलेक्टर ने ली बैठक

# चिकित्सक जिम्मेदारियों का बेहतर तरीके से करें निर्वहन

## गर्भवती महिलाओं की जानकारी लेने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने 14 नवंबर को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक ली। कलेक्टर ने पूर्व में हुए मातृ मृत्यु के दृष्टिगत परिजनों से चर्चा की। उन्होंने मोबाइल के माध्यम से प्रतिदिन हाई रिस्क वाली गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जानकारी लेने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निजी डायग्नोस्टिक संस्थानों से बात कर जरूरतमंद गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा समाज की महत्वपूर्ण सेवा है। सभी डॉक्टर अपनी जिम्मेदारियों एवं कर्तव्य का बेहतर तरीके से निर्वहन करें। सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में डॉक्टर, नर्स एवं अन्य स्टॉफ का व्यवहार मरीजों के साथ अच्छा होना चाहिए।

इस अवसर पर संयुक्त संचालक मेडिकल कालेज डॉ. अतुल देशकर, डिप्टी कलेक्टर प्रकाश टंडन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न, सिविल सर्जन यूके चंद्रवंशी, डॉ. माधुरी खुंटे, जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बीएल तुलावी, डीपीएम संदीप ताम्रकार, समस्त बीएमओ, बीपीएम, सलाहकार उपस्थित रहे।



### उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा

कलेक्टर ने जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में उपलब्ध संसाधनों की गहन समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य केन्द्रों के संजीवनी एम्बुलेंस, विभागीय एम्बुलेंस, महतारी एक्सप्रेस सहित अन्य वाहनों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने एम्बुलेंस की सुविधा को दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के निर्माणाधीन स्वास्थ्य केन्द्रों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राथमिकता देते प्रगतिरत एवं अप्रारंभ निर्माण कार्य को समय पर पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्माणाधीन कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

### डोर टू डोर करें सर्वे

कलेक्टर यादव ने शिशु मृत्यु दर में कमी लाने कमजोर बच्चों का चिन्हांकन करने डोर-टू-डोर सर्वे कर अभिभावकों की काउंसलिंग एवं उचित ईलाज करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में संस्थागत प्रसव को बढ़ाने कहा। गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच एवं उपचार नियमित तौर पर होना चाहिए। उन्होंने हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के चिन्हांकन कर उनके लिए विशेष तौर पर उपचार के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने स्थानीय स्तर पर निजी डायग्नोस्टिक संस्थाओं से संपर्क कर न्यूनतम दर पर गर्भवती महिलाओं की जांच व्यवस्था करने कहा। जिससे गर्भवती महिलाओं की नियमित जांच हो पाएगी।

### परीक्षण को बढ़ाएं

उन्होंने जिला अस्पताल और शासकीय मेडिकल कॉलेज के डायलिसिस मशीनों बेहतर तरीके से उपयोग करते अधिक से अधिक संबंधित मरीजों का डायलिसिस करने कहा। टीबी एवं कुष्ठ रोग की बीमारी के परीक्षण को बढ़ाने कहा। उन्होंने समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम की समीक्षा की एवं आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जननी सुरक्षा योजना, आयुष्मान वय वंदन कार्ड, निक्षय निरामय, प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र, मातृत्व एवं शिशु स्वास्थ्य कार्य की प्रगति, एनीमिया मुक्त भारत, परिवार नियोजन, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, पोषण पुर्नवास की प्रगति, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस योजना, ई-संजीवनी, मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम, मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम, राष्ट्रीय वैक्टर रोग नियंत्रण कार्यक्रम, डेंगू, मलेरिया, फाईलेरिया सहित अन्य कार्यक्रमों के प्रगति की समीक्षा की।

---

## बाल दिवस जागरूकता शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बाल दिवस को लेकर सालसा बिलासपुर व राजनांदगांव जिला विधिक सेवा अध्यक्ष विजय कुमार होता, तालुका अध्यक्ष मोहनी कंवर, सचिव नीलेश जगदल्ला के मार्गदर्शन में माइलस्टोन पब्लिक स्कूल में बाल दिवस जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।


पीएलवी गोलूदास साहू ने कहा कि बाल दिवस स्वतंत्र भारत के पहले प्रधानमंत्री दिवंगत जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस के अवसर पर प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है। स्वतंत्रता सेनानी व आदर्श नेता नेहरू बच्चों को देश की उन्नति और भविष्य का आधार मानते थे उनका कहना था कि बच्चे कुम्हार कि कच्ची मिट्टी के बने होते है उन्हे उन्नति के अनुसार आकार और आकृति देने की जरूरत होती है बच्चों का मन जीवन निश्चल निर्मल होता है। पीएलवी गोलूदास साहू ने पोक्सो एक्ट के संबंध में बताते हुए कहा कि नाबालिग के साथ प्रेम व सहमति से यौन संबंध बनाने की स्थिति में भी यह एक्ट लागू होगा। ऐसे मामलों में एक्ट की जानकारी न होने की दलील के आधार पर अदालत ऐसे मामलों में सज़ा में किसी तरह की राहत नहीं दे सकतीं। युवाओं को उचित मार्गदर्शन और सज़ा की जानकारी न होने के कारण वे अपना जीवन और कैरियर दोनों बर्बाद कर रहे है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि आने वाली पीढियों को अनजाने में किए अपराध के परिणामों के बारे में जागरूक करने की जरूरत है। खासकर स्कूलों और कॉलेजों में इन कानूनों के बारे में जागरूकता पैदा करना जरूरी है। उक्त कार्यक्रम में शिक्षकगण सहित छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

### पुनः सत्यापन व ई-केवायसी 30 तक

**राजनांदगांव।** दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में लाभान्वित हितग्राहियों के पात्रता का पुनः सत्यापन तथा संबंधित बैंक के माध्यम से ई-केवायसी कार्य 30 नवंबर तक किया जाएगा। हितग्राहियों के सत्यापन उपरांत पोर्टल में प्रविष्टि का कार्य 1 दिसम्बर से 15 दिसम्बर तक किया जाएगा।

---

# मेधावी छात्रों व शिक्षकों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाल दिवस पर रॉयल किड्स कॉन्वेंट में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें अकादमिक उपलब्धियों, सांस्कृतिक गतिविधियों एवं समर्पण के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने की संस्था की परंपरा को रेखांकित करते विद्यालय प्रबंधन ने बच्चों एवं शिक्षकों दोनों का मनोबल बढ़ाया।

- रायल किड्स कान्वेंट में बाल दिवस पर भव्य सम्मान समारोह का आयोजन

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी आनंद चोपड़ा व अध्यक्षता जितेंद्र मुदलियार ने की। विशेष अतिथि अतुल चोपड़ा, राजेश डागा, मयंक सांखला तथा गोविंद मालानी शामिल थे। अतिथियों द्वारा छात्र-छात्राओं को सम्मान प्रदान किया गया। जिसमें तुलजा हिरवानी, मोक्ष जैन, निखर जैन, वोनिषा साहू, पलक अग्रवाल, आरव गुप्ता, श्रेयांशी चौधरी, अनिमेश देवांगन, सेजल सोनकर, अनिरुद्ध चौबे, आरिश देव चौधरी, मुस्कान मिश्रा, अथर्व बोमले, प्रांकुर शर्मा, दक्ष चौबे, सानवी चौधरी, अमल चौबे, ऋति मेश्राम, वंशिका चौहान, अंश नाहटा, अदिति शर्मा, पार्थ लुनिया, काव्या सिहानी, तहुर अहमद नवाज, सुरभि क्षेत्रीय, श्रद्धा जायसवाल, अनन्या गुप्ता और अनुष्का खान को विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु पुरस्कृत किया गया। तत्पश्चात शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान, निष्ठा और कार्यकुशलता के लिए सम्मानित किया गया।

### कार्यक्रम का हुआ समापन

विद्यालय की अध्यक्ष डॉ. सविता जेबी सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, मनीषा सिंह, इला सिंह, बरसर आईके वैष्णव तथा एकेडमिक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल ने सभी पुरस्कृत छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का समापन उत्साह और ऊर्जा के साथ हुआ।

### सम्मानित शिक्षकगण

सीबीएसई प्राचार्य एकता खंडेलवाल, इला सिंह, उप प्राचार्य ममता मिश्रा, एचएम सरिता सिंह, एक्टिविटी इंचार्ज अपर्णा वर्मा, मौली सेबेस्टियन, गोमती सोनी, रजनी ठाकुर, अंजलि साहू, रानी सिंग, प्रीति श्रीवास्तव और अजय बिसेन शामिल रहे।

---

# गाड़ाघाट स्कूल में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राष्टीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव अध्यक्ष सुषमा सावंत के निर्देशानुसार और तालुक विधिक सेवा समिति अध्यक्ष मोहनी कंवर व सचिव नीलेश जगदल्ला के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला गाड़ाघाट में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन हुआ।

विधिक सहायता व प्रिलिटिगेशन के बारे में पीएलवी गोलूदास साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि न्यायालयों में निपटारे के लिए नियत सामान्य प्रक्रिया के साथ-साथ वैकल्पिक विवाद समाधान के कई अन्य तरीके भी हैं जिनके माध्यम से हम विवादों का शीघ्र, सुलभ निराकरण करवा सकते हैं। मध्यस्थता की प्रक्रिया से अवगत कराते हुए कहा कि अगर आपसी समझौते से विवाद सुलझ सकें तो उसको प्राथमिकता देना चाहिए इससे समय ऊर्जा व धन का सही दिशा में उपयोग किया जा सकता है। उत्तराधिकार अधिनियम,लोक अदालत योजना, जनोपयोगी सेवाओं के तहत सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सेवा जैसे सडक़, पानी, बिजली, टेलीफोन, आवास, शिक्षा, चिकित्सा, यातायात आदि के संबंध में कोई विवाद होने पर प्रार्थना पत्र लोक अदालत में प्रस्तुत किया जा सकता है जहां आपसी समझाइश के माध्यम से विवाद का निस्तारण किया जाता है। श्री साहू ने विभिन्न उदाहरणों से सशक्तिकरण और समाज मे गरिमामय जीवन जीने की प्रेरणा दी। साइबर अपराध, निशुल्क व सक्षम विधिक सहायता के अलावा नालसा टोल फ्री नंबर 15100 आदि के संबंध में बताया ताकि कोई भी कानूनी समस्या होने पर कभी भी किसी भी समय बेहिचक फोन करके अपनी समस्याओं के लिए विधिक सहायता प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान प्राचार्य मानसदास साहू, शाला स्टाफ, ग्रामीण सहित स्कूली बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

---

## अवकाश के लिए अनुमोदन आवश्यक

**राजनांदगांव।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ द्वारा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्वाचन नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) संबंधी कार्य में नियोजित अधिकारी-कर्मचारियों को अवकाश स्वीकृति बिना अनुमोदन के नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य 28 अक्टूबर से किया जा रहा है तथा 7 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत मतदाता सूची की तैयारी, पुनरीक्षण और सुधार कार्य के संबंध में नियोजित अधिकारी-कर्मचारी निर्वाचन आयोग में प्रतिनियुक्ति पर समझे जाएंगे और निर्वाचन आयोग के नियंत्रण, अधीक्षण और अनुशासन के अधीन रहेंगे।

---

जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम में शामिल हुए सांसद पांडेय

# धूमधाम से मना जनजाति गौरव दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



जिले में जनजाति गौरव दिवस गरिमा, उत्साह और सांस्कृतिक परंपराओं के साथ मनाया गया। जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम दिलीप सिंह मंगल भवन में आयोजित किया गया, जहां आदिवासी समाज की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का भव्य प्रदर्शन देखा गया। मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडेय सहित अन्य अतिथियों ने छत्तीसगढ़ महतारी सहित जनजातीय नायकों की तस्वीरों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पीएम नरेंद्र मोदी का वर्चुअल संबोधन सभी ने सुना। इस दौरान पीएम ने पीएम जनमन अंतर्गत आदिवासी विकास विभाग द्वारा निर्मित दो बैगा बहुउद्देशीय भवन का लोकार्पण किया। मुख्य अतिथि सांसद पांडेय ने जनजातीय समाज के गौरवशाली इतिहास का उल्लेख करते हुए कहा कि आदिवासी समाज ने सदैव देश की संस्कृति, प्रकृति और मानव मूल्यों की रक्षा की है। बिरसा मुंडा, शहीद वीर नारायण सिंह, शहीद गुंडाधुर, रानी दुर्गावती, तंतु पाल, और नारायण सिंह जैसे वीर योद्धाओं ने अपने बलिदान से यह सिद्ध किया कि जनजातीय समाज देश की रीढ़ है। जनजाति गौरव दिवस हमें उनकी विरासत, संघर्ष और देशप्रेम को याद करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी और सीएम विष्णुदेव साय द्वारा जनजातीय समाज को मुख्यधारा से जोड़ने, आर्थिक-सामाजिक सशक्तिकरण और शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। सरकार की प्रत्येक योजना के केंद्र में जनजातीय समाज की उन्नति और सम्मान है। आप सभी का योगदान विकसित भारत निर्माण में अत्यंत महत्वपूर्ण है। पीएम जनमन और धरती आबा अभियान जैसी योजनाओं के लिए उन्होने पीएम का आभार जताया।

### वीर नारायण सिंह लोक कला महोत्सव

शहीद वीर नारायण सिंह लोक कला महोत्सव अंतर्गत जिला स्तरीय जनजातीय लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जिले के विभिन्न नर्तक दल प्रतिभागी बने और जनजातीय नृत्य से सबका मन मोह लिया। प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने वाला दल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता अंबिकापुर में जिले का प्रतिनिधित्व करेगा। वही कार्यक्रम में देश के 51 जनजातीय नायको और स्वतंत्रता सेनानियों की प्रदर्शनी लगाई गई जो कि सभी के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, खाद्य विभाग, कौशल विकास, आदिवासी विकास, आधार , जनधन, आदि योजनाओं सहित कई विभागों ने स्टॉल लगाकर सरकारी योजनाओं की जानकारी दली वही ऑन स्पॉट पंजीयन सहित हितग्राही मूलक लाभ प्रदान किया। इसके अलावा जनजातीय संस्कृति, खेल-कला और सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले समाज के वरिष्ठों, युवा प्रतिभाओं और सांस्कृतिक दलों को सम्मानित किया गया। इस दौरान जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल, जिपं सदस्य भुनेश्वरी देवांगन, अरुणा सिंह बनाफर, नपा अध्यक्ष गिरजा चंद्राकर, कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल, जिंप सीईओ प्रेम कुमार पटेल सहित जनपद एवं पंचायत प्रतिनिधि, जनजातीय समाज के प्रमुख सदस्य, विभिन्न विभागों के अधिकारी, गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में आदिवासी भाई बहन उपस्थित थे। सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग स्वर्णिम शुक्ला ने आभार व्यक्त किया।

---

## कृषि उपकरण की चोरी, आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** बाड़ी स्थित मकान से कृषि उपकरण सहित अन्य सामग्रियों की चोरी के मामले की जांच पड़ताल कर रहे पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार तुमडीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी कमलेश्वर दास वैष्णव 65 वर्ष चिखली द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि उसके सूने बाड़ी स्थित मकान में 13 नवंबर को बोर में लगा केबल वायर लगभग 20 फीट, खेत में स्थित मकान से कृषि उपयोगी समान तथा एक नग स्पेयर मशीन, दो नग टंगिया, दो नग हंसिया, लोहे का पाईप, दो नग तांबे का 150 से 200 फीट वायर तथा खेती बाड़ी का उपकरण कोई अज्ञात चोर द्वारा ताला तोड़कर चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

### दो पर कार्रवाई, सामान जब्त

विवेचना के दौरान मुखबीर से सूचना पर संदेही जितेन्द्र साहू को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उक्त चोरीसुदा सामान अपने घर में छिपाकर रखना बताया, जिसे जब्त कर तथा चोरीशुदा बोरिंग का हिस्सा व पाईप को काटकर तथा बिजली तार को जलाकर राजनांदगांव में कबाड़ी वाले के पास बेचना बताए जाने पर आरोपी के निशानदेही पर कबाड़ी संचालक सोएब मेमन 19 वर्ष गंज चौक उदयाचल के सामने को पूछताछ करने पर चोरीशुदा सामान खरीदना बताकर उक्त बिजली तार तथा बोरिंग का पाईप और बोरिंग हिस्सा लाकर पेश करने पर जब्त किया गया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।


जिंदगी का बेस्ट डिसिज़न!
JOHN DEERE
" क्वालिटी बोले तो बात बने,
दाम नहीं पहचान बने! "
5050
4WD
सबसे आसान फाइनेंस के साथ !
जॉन डियर के सभी कृषि उपकरण उपलब्ध
वंदना ट्राली के अधिकृत विक्रेता
सभी कंपनीयों के पुराने ट्रेक्टर उपलब्ध।
अधिकृत विक्रेता
जैन मोटर्स
स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच - रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर बाजू में, राजनांदगांव- 9827953976
अंबागढ़ चौकी- 8103024569 | मानपुर - 8959179777 | चिचोला | गण्डई
संपर्क-9977184777, 8120006476, 9406011166 | सर्विस- 8120006480, 8120001601

## खबर संक्षेप

### देवरी स्कूल में एफएलएन कार्यक्रम आयोजित

**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक शाला देवरी संकुल केन्द्र मरका में एफएलएन मेले का आयोजन किया गया, जिसमें प्राथमिक शाला के सभी बच्चों ने उत्साह के साथ बढ़ चढ़कर भाग लिया। यह आयोजन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत निपुण अभियान के तहत किया गया जिसका उद्देश्य बच्चों में पढ़ने-लिखने और गणना करने की बुनियादी क्षमताओं का विकास है इस योजना के तहत 2026-27 तक हर बच्चे को कक्षा तीन तक बुनियादी कौशल हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है। इस मेले का विषय करके देखबो सीख के रहीबो था, जिसके माध्यम से बच्चों ने भाषा शिक्षण में वर्णज्ञान शब्द ज्ञान और वाक्य पहचान के साथ-साथ संख्यात्मक ज्ञान को भी समझा। मेले का संचालन बच्चो द्वारा किया गया प्रधान पाठिका हेमलता शर्मा की भूमिका व्यवस्थापक के रूप थी, जबकि वर्तमान में देश में 5 करोड़ से अधिक बच्चे बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान से वंचित है, मजबूत बुनियादी कौशल सभी प्रकार के सीखने और बेहतर जीवन की नींव रखते हैं। बच्चों के मस्तिष्क का लगभग 85 प्रतिशत विकास 6 वर्ष की आयु तक हो जाता है, इसलिए समय पर बुनियादी कौशल का विकास आवश्यक है। एफएलएन मेले के साथ-साथ आनंद मेले का भी आयोजन किया गया जिसमें बच्चे कई प्रकार के स्टॉल लगाए हुए थे, जिसका लोगों द्वारा भरपुर आनंद लिया। उक्त अवसर पर संकुल के प्रभारी संजय केवर्त, शैक्षिक समन्वयक सनत तिवारी, प्रधान पाठक नंदकुमार शर्मा, प्रधान पाठिका हेमलता शर्मा, शिक्षक राजेंद्र दिवाकर, मनोज, सुरेश, एसएमसी अध्यक्ष श्रीमती प्रभा मानिकपुरी, उषा, पारस कुंभकार, धर्मराज, कोटवारीन गीता, मालती नीमा, राजकुमारी, गणेशी, भवानी, मुकेश एवं बड़ी संख्या में ग्राम के नागरिक एवं विद्यार्थी गण उपस्थित थें।

### श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने किया विद्यालय का नाम रौशन

**हरिभूमि कवर्धा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल द्वारा आयोजित ड्राइंग प्रतियोगिता में नारी सुरक्षा विषय पर प्रतिभागिता की गई, जिसमें श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सीनियर वर्ग में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय की छात्रा तुष्मिता कोश्यारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिन्हें 1500 नगद राशि, मॉमेंटो एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। वहीं द्वितीय स्थान पर रही अलीशा सोलंकी जिन्हें 1000 नगद राशि, मॉमेंटो एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। इस सफलता पर विद्यालय के निदेशक डॉ आदित्य चंद्रवंशी एवं प्राचार्या एम शारदा ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व की बात है तथा इससे अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

### आरपीएस में विभिन्न आयोजनों के साथ संपन्न हुई बाल दिवस

**कवर्धा।** बाल दिवस अर्थात बच्चों का दिन ये खास दिन हमें पं. जवाहरलाल नेहरू जिन्हें प्यार से चाचा नेहरू भी कहते हैं की याद दिलाता है। इनके जन्मदिवस एवं शकुन्तला देवी महान गणितज्ञ के जन्म दिवस के उपलक्ष्य पर श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा में स्पेशल असेम्बली एवं विभिन्न आयोजन संपन्न हुई। जिनमें प्रातः प्रार्थना सभा में कवर्धा क्षेत्र को हरियाली से सराबोर कर देने वाली हरीतिमा टीम के सदस्यों का स्वागत एवं सम्मान किया गया, जो पूरी टीम भावना के साथ मई 2018 से निरंतर कार्य करते हुए वर्तमान में लगभग 12 हजार पौधे लगा चुकी है। कार्यक्रम को टीम के सदस्य महेश ठाकुर ने संबोधित करते हुए अपने समूह के कार्य, कोरोना काल में जिस ऑक्सीजन की कमी से लोग जूझ रहे थे, उसका महत्व बताते हुए पौधरोपण व उनका निरंतर निगरानी को सृजित किया गया। पूरा कार्यक्रम उस समय बेहद खास हो गया जब विद्यालय प्रांगण में बच्चों के अंदर छिपी हुई पाककला उभरकर सामने आई, जिसमें छात्र छात्राओं ने बड़ा, मंगोड़ी, समोसा, भजिया, भेल, दाबेली, गुपचुप, चाय, चीला, बरा-फरा, अड़िया, दोसा, बड़ापाव, चना-चाट जैसे विभिन्न पकवानों को बनाकर बेचना प्रारंभ किया।

---

वनांचल व दुर्गम क्षेत्रों तक सभी शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता: उप मुख्यमंत्री

# विजय शर्मा ने बालक छात्रावास निर्माण कार्य का किया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

सुंदूर वनांचल क्षेत्र के शैक्षणिक भविष्य को नई दिशा देने की ऐतिहासिक पहल करते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रविवार को रेंगाखार कला में 2 करोड़ 71 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले 100 सीटर बालक छात्रावास निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया। दूरस्थ और जनजातीय अंचलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सुदृढ़ करने की राज्य सरकार की प्रतिबद्धता का यह एक और महत्वपूर्ण कदम है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वनांचल व दुर्गम क्षेत्रों के बच्चों तक सभी शैक्षणिक सुविधाएं बिना किसी भेदभाव के पहुंचे। उन्होंने कहा कि 100 सीटर यह आधुनिक छात्रावास विद्यार्थियों को सुरक्षित, स्वच्छ तथा अनुशासित वातावरण उपलब्ध कराएगा, जिससे उनकी शिक्षा में निरंतरता और गुणवत्तापूर्ण सुधार सुनिश्चित होगा। कार्यक्रम में उपस्थित स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने कहा कि यह छात्रावास क्षेत्र के बच्चों के लिए लंबे समय से अत्यंत आवश्यक था। इसके निर्माण से न केवल शैक्षणिक सुविधा बढ़ेगी, बल्कि विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में भी एक महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। ग्रामीणों ने उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार की यह पहल वनांचल क्षेत्र के समग्र विकास व शिक्षा सुदृढ़ीकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, ग्रामीण व अधिकारी-कर्मचारी गण उपस्थित थें।



### समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए

उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि रेंगाखार जैसे वनांचल क्षेत्रों के बच्चे अक्सर लंबी दूरी तय कर विद्यालय पहुंचते हैं, जिससे पढ़ाई प्रभावित होती है। छात्रावास का निर्माण उनके लिए अत्यंत सहायक सिद्ध होगा। इस भवन में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, स्टडी रूम, सुरक्षा प्रबंधन, स्वच्छ शौचालय, आवासीय सुविधा जैसी सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। श्री शर्मा ने निर्माण एजेंसी को समय-सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। छात्रावास में 20 रूम, 3 हॉल, डाइनिंग, किचन, स्टोर रूम व मेडिकल रूम तथा वार्डन रूम सहित अन्य सुविधा उपलब्ध रहेगी।



## जोन स्तरीय तीन दिवसीय कौशल खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम पथरी में तीन दिवसीय जोन स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित किया गया, जिसमें आसपास क्षेत्र के नौ संकुल केंद्रों जिसमें कुंडा, पेंड्री कला, सेमरकोना, कोलेगांव, दामापुर, सैहामालगी, सुकलीगोविंद, रूसे, भगतपुर के प्रतिभागी छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। वहीं इस तीन दिवसीय जोन स्तरीय कौशल प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा रहे, वहीं ग्राम पंचायत भटरूसे के सरपंच संतोष कुमार नेताम, उपसरपंच व पंच एवं ग्रामीणों द्वारा भव्य फूल-माला से स्वागत किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, विशिष्ट अतिथि जनपद उपाध्यक्ष छत्र किशोर सानू तिवारी, श्रीमती नंदनी साहू , ओम प्रकाश यदु, सुरेश दुबे, श्रीमती राजेश्वरी महेंद्र, मनहरण साहू, दिनेश चंद्रवंशी, मोहन चंद्रवंशी, श्रीमती भानु साहू, सरपंच संतोष कुमार नेताम, लीलाराम साहू, विशिष्ट अतिथि द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं के द्वारा कबड्डी, खो-खो, कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, सहित अनेक प्रकार विधायों में छात्र-छात्राओं ने शानदार खेल प्रदर्शन किया। वहीं छात्र-छात्राओं के द्वारा तीन दिवसीय खेलकूद के समापन समारोह पर शानदार मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। जिस पर विधायक द्वारा 5 लाख रूपए की लागत राशि से सीसी रोड एवं मुक्तिधाम निर्माण कार्य की घोषणा किया गया।

विधायक भावना बोहरा द्वारा प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया गया। इस समापन समारोह कार्यक्रम में ग्राम पंचायत भटरूसे के समस्त ग्रामवासी, शिक्षक शिक्षिकाएं सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

## सड़क जर्जर व बदहाल आवाजाही बाधित, ग्रामीण किसानों के लिए चुनौतियां, बढ़ी परेशानियां

- ग्रामीण किसानों ने सुधार व मुरूमीकरण कि मांग की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया के ग्राम कोलेगांव से हथमुड़ी, कोलेगांव से रूसे, दामापुर से कुंडा, कुंडा से महका, कुंडा से महली सड़क अत्यंत जर्जर व बदहाल होने के कारण ग्रामीणों व राहगीरों को भारी दिक्कतो व परेशानियों का सामना पड़ रहा है। बताया जाता है कि क्षेत्र के सड़के की स्थिति देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि, सड़क पर पैदल चलना भी दुभर हो रहे है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार सड़क में जगह-जगह छोटे-बड़े गड्ढे होने के कारण राहगीरों का आवाजाही बाधित तथा ग्रामीण व राहगीर सड़क दुर्घटना के शिकार व गिर कर चोंटिल हो रहे है। यहां बताना लाजिमी होगा की ग्रामीण किसान इन्हीं जर्जर व बदहाल सड़कों से गुजर कर शक्कर कारखाना व धान खरीदी केंद्र तक ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से अपनी उपज फसल को ले जाने मजबूर होगें। ग्रामीणो ने बताया कि कोलेगांव से हथमुंड़ी रुसे से निगापुर सड़क की सुधार व मरम्मत कार्य की घोषणा किया गया लेकिन जिम्मेदार विभागीय अधिकारियो व जनप्रतिनिधियो की भारी लापरवाही का खामियाजा क्षेत्र के ग्रामीण किसानो व राहगीरों को भुगतना पड़ रहा है।

जिस पर क्षेत्र के ग्रामीण किसानो व राहगीरों ने शासन प्रशासन को इस ओर ध्यान देने तथा जर्जर सड़क की सुधार तथा मरम्मत कार्य की मांग की गई। वहीं जर्जर सड़क व छोटे बड़े गड्ढों को भरने के लिए मुरूमीकरण, बजरी-गिट्टी डलवाने की अपील की गई ताकि क्षेत्र के ग्रामीण किसानों का ट्रैक्टर-ट्राली में अपनी उपज फसल गन्ना व धान फसल को आसानी से शक्कर कारखाना एवं सेवा सहकारी धान खरीदी केन्द्रों तक पहुंच सके।

## कवर्धा प्राइवेट स्कूल टीचर्स टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



नगर में प्रथम वर्ष कवर्धा प्राइवेट स्कूल टीचर्स टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन प्रयास स्पोर्ट्स अकेडमी कवर्धा द्वारा कराया जा रहा है, जिससे प्रत्येक रविवार को सुबह 9 से 12 बजे तक छीरपानी कॉलोनी मैदान में खेला जाएगा। इस प्रतियोगिता में नगर के अशोका पब्लिक स्कूल, अभ्युदय स्कूल, श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल एवं गुरुकुल पब्लिक स्कूल कुल चार टीमों के बीच मैच खेला जाएगा, जिसमें सभी टीम पहले लीग मैच खेलेंगे।

पश्चात टॉप दो टीम क्वालीफायर प्रथम में प्रवेश करेंगे एवं दो लुजर टीम एलिमिनेटर राउंड खेलेंगे यह मैच 8-8 ओवर का खेला जा रहा है। वही एकेडमी सचिव राजा जोशी ने बताया कि 16 नवंबर को पहला मैच अभ्युदय स्कूल विरुद्ध अशोका पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया, जिसमे अभ्युदय स्कूल में टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला किया, जिसमें अशोका पब्लिक स्कूल ने 8 ओवर के मैच में मात्र 43 रन बना पाए, जिसके जवाब में अभ्युदय स्कूल के टीम ने 3 ओवर में ही इतने रन को चेस करके मैच जीत लिया। अभ्युदय स्कूल के शिक्षक विपिन में शानदार बैटिंग करते हुए 8 छक्के के मदद से टीम को मैच जितने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। वही दूसरा मैच श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल विरुद्ध अशोका पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया, जिसमे श्रीरामकृष्ण पब्लिक स्कूल ने टॉस जीतकर बैटिंग ली और टीम के उमाशंकर एवं युगल किशोर ने शानदार छक्कों और चौकों के मदद से 8 ओवर के मैच में 124 रन का लक्ष्य दिया।

जिसका सामना करते हुए अशोका पब्लिक स्कूल ने 8 ओवर में मात्र 99 रन ही बना पाए वहीं हार का सामना करना पड़ा। वहीं अगले रविवार को अभ्युदय स्कूल और गुरुकुल पब्लिक स्कूल के बीच तीसरा मैच खेला जाएगा। इस टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में अकेडमी के अध्यक्ष गणेश तिवारी ने इस पहल की सराहना किया, जिससे प्राईवेट स्कूल के शिक्षकों को अपनी टैलेंट को शो करने का एक अच्छा प्लेटफार्म मिला है, जिससे सभी शिक्षक बहुत उत्साहित है।

## आरपीएस में विभिन्न आयोजनों के साथ जनजातीय गौरव पखवाड़ा संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जनजातीय गौरव, सम्मान और ब्रिटिश राज के कारनामों के प्रति अपनी आवाज बुलंद करने वाले महापुरूष बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती का आयोजन सीबीएसई के द्वारा जारी दिशा निर्देशों के आधार पर श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल कवर्धा में जनजातीय गौरव पखवाड़ा का आयोजन विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं के साथ हर्षपूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें सभी पंद्रह दिवस के लिए विभिन्न प्रतियोगिता सीबीएसई के द्वारा निर्धारित की गई थी, जिसमें कक्षा 6वीं से 12वीं तक के बच्चों ने अपनी प्रतिभा बिखेरी। इस परिप्रेक्ष्य में जनजातीय भित्ति चित्र, जिसमें बच्चों ने वर्ली आर्ट का बखूबी चित्रण किया, जनजातीय लघुकथा, जनजातीय गौरव पर आधारित प्रश्नमाला, निबंध प्रतियोगिता, वर्चुअल टूर का आयोजन जिसमें भोपाल एवं रांची के जनजातीय संग्रहालय का अवलोकन कराया गया। इसी प्रकार जनजातीय अस्मिता आधारित शानदार बस्तर नृत्य का भी भावपूर्ण आयोजन किया गया। पखवाड़ा के अंतिम दिवस अर्थात 15 नवम्बर को भगवान बिरसा मुंडा के जन्मदिवस पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन हुआ, जिसमें बिरसा मुंडा के तैलचित्र का पूजन अर्चन किया गया व पूरे मंच को उनके जीवन वृत्त के छविचित्रों में सजाया गया। सभी बच्चों ने अपने पखवाड़ा का विभिन्न अनुभव, मुंडा जी का जनजातीय अधिकारों के लिए संघर्ष का प्रस्तुतीकरण अपने विचारों के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

### नामदेव जयंती में 17 को शामिल होंगे उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा

**हरिभूमि कवर्धा।** जिले के समस्त जिला नामदेव समाज द्वारा भव्य रूप से संत श्री नामदेव की 755 वी जयंती मनाई जा रही, जिसमें उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा की उपस्थिति समाज के साथ रहेगी। उक्त जानकारी देते हुए समाज के सचिव कैलाश नामदेव ने कहा कि 17 नवंबर दोपहर 12 बजे नामदेव सामाजिक भवन में इस वर्ष की जयंती को बड़ी धूमधाम से मनाने का निर्णय युवा टीम ने बीड़ा उठाया है ताकि संत श्री की जयंती में शहर में भव्य रैली के साथ श्री राधाकृष्ण मंदिर में भोग चढ़ावा के साथ पूरे समाज के मिलकर निकलने का निर्णय लिया है। उपाध्यक्ष चंद्र कुमार ने बताया कि जिले महिला संगठन ने इस कार्यक्रम को भव्य रूप से मनाए जाने और मंत्री का स्वागत हेतु तत्परता से जुड़कर आज नामदेव सामाजिक में मीटिंग आयोजित की गई है। कोषाध्यक्ष विजय नामदेव ने बताया कि पूरा समाज के लोगों में मंत्री और अपने विधायक की उपस्थिति को लेकर भव्य व्यापक तैयारी और कम समय ने ज्यादा से ज्यादा लोगों को एकत्रिक करने की तैयारी में जुट गए है, यह कार्यक्रम एक यादगार होगा। युवा टीम के सदस्यों ने कहा कि सभी युवा के प्रेरणाश्रोत विजय शर्मा के आने से सभी युवाओं में भारी उत्साह का माहौल बन गया है। उनके आने से समाज के युवाओं ने तैयारी और भी जोर-शोर से शुरू कर दी है। जिलाध्यक्ष अभिताब नामदेव ने बताया कि पूरे जिले के युवा टीम महिला टीम के उत्साह के साथ जो कार्य कर रही है। कार्यक्रम की तैयारी आज पूरी कर ली जाएगी ताकि कार्यक्रम में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं हो, आए हुए मेहमानों के स्वागत में कोई कमी न हो इस बात का पूरा ध्यान रखा जा रहा है, सभी वर्ग के सामाजिक बंधु इसके लिए कमर कस चुके है। कार्यक्रम की सफलता में किसी प्रकार की कमी नहीं रहेगी। जिसके लिए जिले भर से लोग एकत्रित होकर अपनी सेवाएं दे रहे है। उक्त कार्यक्रम में सामाजिक बंधुओं को आमंत्रित कर शामिल हो की अपील की गई।

## दामापुर सेवा सहकारी समिति में धान खरीदी केंद्र का विधिवत शुभारंभ



**हरिभूमि कुण्डा।** सेवा सहकारी समिति मर्यादित दामापुर पंजीयन क्रमांक 215 द्वारा धान खरीदी केन्द्र का शुभारंभ गुरुवार को हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद प्रतिनिधि, झुग्गी-झोपड़ी प्रकोष्ठ तथा ग्राम पंचायत अतरिया के सरपंच नरेश साहू उपस्थित थें। उन्होंने पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार नारियल व पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की तथा विधिवत धान खरीदी सीजन का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत अतरिया सरपंच नरेश साहू ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा किसानों के हित में अनेक योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचाना ही समिति का उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि धान खरीदी व्यवस्था को पारदर्शी और सुचारू बनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि एवं जिला विकास समन्वय एवं निगरानी दिशा समिति सदस्य महेंद्र धृतलहरे, सेवा सहकारी समिति दामापुर के अध्यक्ष परस सिंगरौल, पूर्व सरपंच दिनेश ठाकुर, सामाजिक कार्यकर्ता सुमन ढीमर, रवि साहू, डॉ सुरेश चंद्रवंशी सहित ग्रामीण क्षेत्र के वरिष्ठजन बड़ी संख्या में उपस्थित थें। कार्यक्रम में शामिल किसानों ने नए खरीदी सीजन की शुरुआत पर खुशी जताते हुए उम्मीद व्यक्त की कि इस वर्ष उन्हें समय पर तौल और भुगतान की सुविधा मिलेगी। ग्रामीणों और कार्यकर्ताओं ने धान खरीदी केन्द्र का अवलोकन भी किया और व्यवस्था की सराहना की। समिति सदस्यों ने बताया कि किसानों की सुविधा के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। कार्यक्रम का संचालन समिति के कर्मचारियों द्वारा किया गया जबकि अंत में अतिथियों का आभार व्यक्त कर समारोह का समापन किया गया।

## क्षेत्र के सेवा सहकारी केन्द्र में धान खरीदी की बोहनी नही, लटके रहे ताला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



विकासखंड पंडरिया अंतर्गत सेवा सहकारी समिति ग्राम कोलेगांव, कुआंमालगी व रूसे धान खरीदी केंद्र में तराजू एवं छत्तीसगढ़ महतारी की तौलचित्र में विधि विधान से पूजा अर्चना किया सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष रामाधार शर्मा, मोहन चंद्रवंशी, सुधा साहू द्वारा किया गया। ग्रामीणों ने बताया की सेवा सहकारी समिति ग्राम कोलेगावं, रुसे कुआंमालगी सहित ऐसे कई धान खरीदी केंद्र जहां पर शासन प्रशासन की योजनाओं के अनुसार से 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ होना था। लेकिन सेवा सहकारी सेवा समिति के कर्मचारियों के हड़ताल में जाने के बाद धान खरीदी केंद्र में ताला लटका हुआ है। ग्रामीणों ने बताया कि आसपास क्षेत्र के ऐसे कई धान खरीदी केन्द्र जहां धान खरीदी की बोहनी तक नही हुई है। बताया जाता है कि सेवा सहकारी समिति द्वारा सिर्फ और सिर्फ धान खरीदी केन्द्रों में अध्यक्षों व पदाधिकारियों द्वारा तराजू व छत्तीसगढ़ महतारी की छायाचित्र में पूजा अर्चना किया गया। यहां बताना लाजिमी होगा कि पूरे क्षेत्र के सेवा सहकारी सेवा समिति धान खरीदी केन्द्र में सन्नाटा पसरा हुआ है, जबकि प्रदेश सरकार द्वारा 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ किया गया, लेकिन धान खरीदी केंद्र में धान खरीदी प्रारंभ तो दूर की बात है धान खरीदी की बोहनी भी नहीं हो पाई है।

### शिविर में आसपास क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया

## रजत जयंती पर आरोग्य मेला स्वास्थ्य शिविर आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

छत्तीसगढ़ की उत्कृष्ट विधायक श्रीमती भावना बोहरा के विशेष अनुशंसा पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पंडरिया एवं कुकदूर के कर्मचारियों द्वारा विशेष पिछड़ी जन जातियों के समग्र स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष-2025 के अवसर पर आरोग्य मेला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें विधायक श्रीमती बोहरा ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि विशेष शिविर लगाकर लोगों तक पहुंचते हुए उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएं एवं समग्र स्वास्थ्य पर कार्य किया जाएं ताकि दूरस्थ वनांचल के लोगों को उसका लाभ मिल सके। जिस पर खंड चिकित्सा अधिकारी पंडरिया डॉ राकेश कुमार ने त्वरित कार्यवाही करते हुए कुकदूर सेक्टर के नेउर में सेक्टर कुकदूर के कर्मचारियों को आदेशित किया कि कार्ययोजना बनाकर शिविर लगाया जाएं। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ राकेश कुमार जो कि मनोरोग चिकित्सक एवं फैमिली फिजिशियन है स्वयं उपस्थित होकर अपने कर्मचारियों के साथ शिविर का आयोजन किए जिसमें सैकड़ों लोगों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। जिसमें आए हुए हितग्राहियों का बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन और मानसिक स्वास्थ्य जांच किया गया। जिसमे ब्लड प्रेशर 12, मधुमेह के 5, एक लड़की जन्मजात मोतियाबिंद, एक बच्ची जन्मजात विकृति से ग्रस्त मिली, दो व्यक्ति टीबी के संदेहास्पद लक्षणों वाले थे जिनको पुष्टि हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुकदूर जाने की सलाह दी गई। सामान्य मानसिक समस्या जैसे सोमैटाइजेशन के 18 मरीज मिले जिनको उचित उपचार दिया गया। एक बच्चा जो नियमित टीकाकरण से छूट गया था, उसको टीका लगाया गया। उक्त शिविर में अशोक वैष्णव, सरपंच श्रीमती पार्वती सुनहले, डॉ विनोद, डॉ मनीष, छत्रपाल लहरे एवं समस्त कर्मचारी गण कुकदूर उपस्थित थे।

**सौगात:** उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रेंगाखार जलाशय एवं सीसी नहर लाइनिंग कार्य का किया भूमिपूजन

# रेंगाखार को 2 करोड़ 24 लाख रुपए के निर्माण कार्यों की मिली बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के सुदूर वनांचल बैगा बाहुल्य क्षेत्र ग्राम रेंगाखार में विकास के नए अध्याय जुड़ने जा रहा है। छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने रविवार को रेंगाखार कला में 2 करोड़ 24 लाख रुपए की लागत से तैयार होने वाली रेंगाखार जलाशय शीर्ष एवं सीसी नहर लाइनिंग कार्य का विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। वनांचल में इस कार्यक्रम के आयोजन से लोगों में उत्साह है।

इस दौरान उन्होंने जलाशय और निर्माण होने वाले स्थान का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी कार्यों की विस्तार से जानकारी ली और अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण समय सीमा में निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर किसानों, ग्रामीणों, महिलाओं, युवा साथियों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक, सभी ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर इस महत्वपूर्ण ऐतिहासिक क्षण का स्वागत किया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि रेंगाखार जलाशय के निर्माण से क्षेत्र के हजारों किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा।

उन्होंने कहा कि यह परियोजना न केवल सिंचाई सुविधा का विस्तार करेगी, बल्कि कृषि क्षेत्र को नई ऊर्जा भी प्रदान करेगी। 264 हेक्टेयर कृषि भूमि को स्थायी सिंचाई की सुविधा मिलने से फसल उत्पादन में वृद्धि होगी, किसानों की आय बढ़ेगी और क्षेत्र की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि विष्णुदेव सरकार का उद्देश्य केवल संरचनाओं का निर्माण करना नहीं है, बल्कि ऐसे स्थायी और प्रभावी कार्य करना है जो सीधे-सीधे किसान, आदिवासी और वनांचल के लोगों के जीवन को बेहतर बना सकें। उन्होंने कहा कि पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि रेंगाखार जैसे दूरस्थ क्षेत्र में इतनी बड़ी परियोजना का आरंभ यह प्रमाण है कि वर्तमान सरकार वनांचल के विकास को लेकर कितनी गंभीर है और कैसे प्राथमिकता में रखकर काम कर रही है।



### वनांचल क्षेत्र रेंगाखार का होगा समुचित विकास

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि वनांचल क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ा जाए, यहां के हर किसान को सिंचाई सुविधा मिले, हर गांव में समृद्धि आए और युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हों। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में रेंगाखार सहित आसपास के गांवों में कई और विकास कार्यों को गति दी जाएगी। जल संसाधन विभाग पूरी क्षमता के साथ कार्य कर रहा है और रेंगाखार जलाशय इसका एक महत्वपूर्ण उदाहरण है। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ने किसानों से संवाद भी किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि शासन-प्रशासन किसानों के साथ खड़ा है और विकास की हर प्रक्रिया में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। आने वाले समय में और भी बड़े प्रोजेक्ट इस क्षेत्र को नई ऊंचाई देंगे।

### परियोजना को लेकर क्षेत्र के किसानो में हर्ष

किसानों ने इस परियोजना को अपने जीवन का बदलाव बताते हुए कहा कि वर्षों पहले से प्रस्तावित यह कार्य आज साकार रूप ले रहा है, जिसके लिए वे उपमुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञ हैं। किसानों ने कहा कि बारिश पर निर्भर खेती ने उन्हें हमेशा अनिश्चितता में रखा, लेकिन इस जलाशय के बन जाने के बाद अब उनके खेत वर्षभर हरे-भरे रहेंगे और फसलें सुरक्षित होंगी। ग्रामीणों ने कहा कि यह परियोजना केवल जलाशय नहीं बल्कि उनके परिवारों की खुशहाली का सेतु है। रेंगाखार जलाशय परियोजना के माध्यम से न सिर्फ कृषि को नई दिशा मिलेगी, बल्कि इससे जल संरक्षण, भू-जल पुनर्भरण और ग्रामीण जीवन में व्यापक सुधार होगा। आने वाले समय में इस जलाशय का असर पूरे क्षेत्र के आर्थिक-सामाजिक परिदृश्य को प्रभावित करेगा और यह वनांचल विकास की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक बन जाएगा।



# धान खरीदी केंद्र कुंआमालगी में रखे बारदानों में लगी आग

- आग लगने का कारण अज्ञात, ग्रामीणों ने अपने बूते आग पर पाया काबू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

जिले के विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कुंआमालगी धान खरीदी केन्द्र में खरीदी प्रारंभ होने के पूर्व रविवार की दोपहर अग्नि दुर्घटना सामने आ गई। हालांकि ग्रामीणों की मदद से आग पर तत्काल काबू पा लिया गया और बड़ा हादसा टल गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यहां अंचल के किसानो से धान खरीदी के लिए शासन द्वारा बारदाना की खेप भेजी गई थी। बताया जाता है कि बारदाना धान खरीदी केन्द्र में असुरिक्षत ढंग से खुले में रखे थे। जिनमें रविवार की दोपहर अज्ञात कारणों से आग लग गई और बारदाना के बंडल धू-धू कर जलने लगे। बारदाना से धुंआ उठते देख आसमास मौजूद लोग तत्काल मौके पर पहुंचे और अपने प्रयासों से आग पर काबू किया।

बताया जाता है कि इस अग्नि दुर्घटना में बारदाना के आधा दर्जन यानी सैकड़ो बारदाना क्षतिग्रस्त हो गए। अभी तक इस बात की जानकारी नहीं मिल पाई है कि आखिर बारदाना के बंडलो में आग कैसे लगी। यहां बताना लाजिमी होगा कि इस समय समिति के कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है और प्रायः समितियों की व्यवस्था भगवान भरोसे चल रही है।

यहीं वजह है कि ग्राम कुंआमालगी में इस तरह की अग्नि दुर्घटना सामने आई है।

## योग यज्ञ व गौ संवर्धन के लिए श्री सुरभि रुद्र महायज्ञ में शामिल हुए हरिद्वार के स्वामी परमार्थ देव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



पतंजलि योगपीठ के केंद्रीय प्रभारी स्वामी परमार्थ देव का तीन दिवसीय छत्तीसगढ़ प्रवास विभिन्न कार्यक्रमों को लेकर हुआ। श्री सुरभि रुद्र महायज्ञ ग्राम घुघरी खुर्द के विशाल भव्य पंडाल में परमार्थ देव का तीन दिवसीय इंटीग्रेटेड योग शिविर प्रातः काल के सत्र में हुआ। दोपहर सत्र में परमार्थ देव का योग, यज्ञ, आयुर्वेद एवं सनातन संस्कृति व राष्ट्र के नाम उद्बोधन का कार्यक्रम हुआ। इसी दौरान शाम को जिला मुंगेली में संगठनात्मक विस्तार के लिए बड़ी बैठक को परमार्थ देव ने संबोधन कर पूरे मुंगेली जिले को योगमय करने की बात कही। गौरक्षणार्थ श्री सुरभि रूद्र महायुद्ध के आयोजक पतंजलि किसान सेवा समिति के प्रांत प्रभारी गणेश प्रसाद तिवारी द्वारा जिला मुंगेली एवं गांव-गांव में श्री सुरभि रूद्र महायज्ञ आयोजित कर गौमाता की घटती महिमा को बचाने इसी तरह का कार्यक्रम आयोजन करने की बात कही।

## विभाग ने कार्यक्रम में लगाई प्रदर्शनी

**कवर्धा।** जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर गत 15 नवम्बर को वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, कवर्धा द्वारा स्थानीय पीजी कॉलेज (डोम) में विभागीय स्टॉल लगाया गया। कार्यक्रम के दौरान छत्तीसगढ़ के उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा, पण्डरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा एवं जिला कलेक्टर कवर्धा द्वारा लघु वनोपज, छत्तीसगढ़ हर्बल्स उत्पाद तथा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से संबंधित प्रदर्शनी एवं स्टॉल का अवलोकन, निरीक्षण किया गया।

# जिले के वनांचल नेऊर में विशाल आरोग्य मेला का आयोजन, सैकड़ों ग्रामीणों ने कराया उपचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



वनांचल क्षेत्र के ग्राम नेऊर में एक दिवसीय आरोग्य मेला एवं स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। जनहित में विशेष पहल करते हुए स्वास्थ्य विभाग पंडरिया द्वारा त्वरित कार्रवाई कर दूरस्थ क्षेत्रों के लिए यह महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराई गई। स्वास्थ्य शिविर में नेऊर सहित रुकमिदादर, कांदावानी, बिरहुलडीह, कुशियारी और अमनियां जैसे वनांचल के दूरस्थ गांवों से भारी संख्या में ग्रामीण पहुंचे। शिविर में आए सभी मरीजों का ब्लड टेस्ट, शुगर टेस्ट, टीकाकरण सहित विभिन्न प्रकार की जांचें की सुविधा उपलब्ध कराई गईं। जिन मरीजों को आवश्यकता थी, उन्हें मौके पर ही निःशुल्क दवाइयां भी प्रदान की गईं। दिनभर चले इस शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने अपना उपचार कराया और तत्काल चिकित्सा सुविधा मिलने पर संतोष व्यक्त किया। कार्यक्रम की समग्र निगरानी ब्लॉक मेडिकल अधिकारी डॉ. प्रेमी ने स्वयं की, जिन्होंने पूरे स्वास्थ्य अमले के साथ मिलकर शिविर को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शिविर में कुकुदुर एवं पंडरिया के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। आरोग्य मेले के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों को मिल रही त्वरित चिकित्सा सुविधा की सराहना करते हुए ग्राम नेऊर की सरपंच श्रीमती पार्वती सुनहले ने भी स्वास्थ्य विभाग के इस प्रयास को ग्रामीणों के लिए अत्यंत लाभकारी बताया और आभार व्यक्त किया।

